# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 13 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 14 – मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 188, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ बदले -बदले से 'सरदार' नजर आते है

उर्वशी रौतेला बनी रोल्स रॉयस खरीदे वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस ◂◂ 6


## प्रधानमंत्री मोदी बने मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान हासिल करने वाले पहले भारतीय नेता

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान द ग्रांड कमांडर ऑफ ऑर्डर ऑफ स्टार एंड की ऑफ इंडियन ओशन से सम्मानित किया गया जिसे उन्होंने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री, मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में वहां के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखुल ने मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय नेता हैं जो भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को मान्यता देता है। मोदी ने कहा, मॉरीशस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह केवल मेरा सम्मान नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत से इन लोगों ने मॉरीशस के विकास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा और इसकी जीवंत विविधता में योगदान दिया। उन्होंने कहा, मैं इस पुरस्कार को मन की गहराई और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे आपके पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित करता हूं जो सदियों पहले भारत से मॉरीशस आए थे। उन्होंने कहा, यह सम्मान क्षेत्रीय शांति, प्रगति, सुरक्षा और सतत विकास के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह ग्लोबल साउथ की साझा आशा और आकांक्षा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इस सम्मान को एक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूं। मैं अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हूं कि हम भारत-मॉरीशस की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करना जारी रखेंगे। राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान, भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी ने परेड में भाग लिया। इतना ही नहीं, इस मौके पर भारतीय नौसेना का जहाज भी बंदरगाह पहुंचा।



## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर वापसी एक बार फिर टली, क्रू-10 मिशन की लॉन्चिंग स्थगित

**नई दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर वापसी एक बार फिर टल गई। क्रू-10 मिशन को स्पेसएक्स रॉकेट फाल्कन 9 से लॉन्च किया जाना था लेकिन तकनीकी कारणों से यह लॉन्चिंग टाल दी गई।

क्रू-10 मिशन से चार अंतरक्षि यात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर (आईएसएस) जाने वाले हैं। इसका मकसद आईएसएस पर वर्तमान चालक दल की जगह लेना और विल्मोर तथा विलियम्स की वापसी सुनिश्चित करना है।

नासा ने घोषणा की कि फाल्कन 9 रॉकेट के ग्राउंड सपोर्ट क्लैंप आर्म में हाइड्रोलिक सिस्टम की समस्या के कारण लॉन्च को रद्द कर दिया गया। स्पेसएक्स के क्रू-10 मिशन को केप कैनावेरल में कैनेडी स्पेस सेंटर से बुधवार को शाम 7.48 बजे ईटी (2348 जीएमटी) [गुरुवार सुबह 6.18 बजे आईएसटी भारतीय मानक समय] पर उड़ान भरने वाला था। यह दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों, एक जापानी अंतरिक्ष यात्री और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री को ले जाने वाला है। नासा ने बुधवार के प्रयास को स्थगित करने के बाद शुक्रवार को शाम 7.03 बजे ईडीटी (2303 जीएमटी) (शनिवार को 4.33 बजे आईएसटी) से पहले संशोधित प्रक्षेपण लक्ष्य की घोषणा की है। नासा ने कहा कि यदि क्रू-10 मिशन शुक्रवार को प्रक्षेपित होता है, तो अंतरिक्ष यात्री विल्मोर और विलियम्स को लेकर क्रू-9 मिशन के बुधवार, 19 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से प्रस्थान करने की उम्मीद है। विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर, जो जून 2024 से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे हुए हैं। दोनों जून बोइंग के स्टारलाइनर पर सवार होकर आईएसएस के लिए आठ दिवसीय मिशन पर गए थे। हालांकि, तकनीकी समस्याओं के चलते स्टारलाइनर उनकी वापसी के लिए असुरक्षित बन गया।

नासा ने कहा कि विल्मोर और विलियम्स अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस पर शोध और रखरखाव में लगे हुए हैं और सुरक्षित हैं।



## आज रात 10.29 के बाद होलिका दहन, 15 को रंगोत्सव

**रांची :** होली सभी के जीवन में प्रेम और खुशियां भरने का अवसर है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी माना जाता है। गुरुवार को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन रात 10.30 बजे के बाद किया जाएगा। इसके बाद रात भर होलिका जलाने का मुहूर्त है। होलिका दहन के बाद शनिवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। धर्मशास्त्र और पंचांग के अनुसार रंगोत्सव होली चैत्र माह की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाने का विधान है। इसलिए प्रतिपदा उदयातिथि के अनुसार शनिवार को ही मान्य है। होलिका दहन गुरुवार की रात भद्रा काल समाप्त होने के बाद होगा। गुरुवार की रात 8.29 बजे पूर्णिमा तिथि आरंभ हो रही है, लेकिन इसपर भद्रा का साया पड़ रहा है। रात 10.29 बजे भद्रा का साया खत्म होने के बाद ही होलिका दहन की जाएगी।

### त्योहार के समय और मुहूर्त

पूर्णिमा गुरुवार की रात 8.29 से शुक्रवार को दिन 12.25 बजे तक

भद्राकाल का साया गुरुवार की रात 10.29 बजे तक

होलिका दहन का समय गुरुवार की रात 10.30 से आरंभ (रात भर)

चैत्र माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा शुक्रवार 12.25 से लेकर शनिवार 2.34 बजे तक

### चंद्रग्रहण का असर नहीं

**गुरुवार** और शुक्रवार की रात को आंशिक चंद्रग्रहण का योग है। लेकिन, यह भारत में दृष्टिगोचर नहीं है। यह चंद्रग्रहण आंशिक रूप से दक्षिण और उत्तरी अमेरिका तथा यूरोप के देशों में दृष्टिगोचर होगा। इसलिए इस दौरान भारत में दिन रहेगा और दिखायी नहीं देने के कारण इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

## खूंटी- चाईबासा मार्ग पर कार और बाइक में टक्कर, दो युवकों की मौत

**खूंटी:** जिले के खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा एनएच 75ई पर मुरहू थाना क्षेत्र के जाते गांव के पास हुआ। मृतकों की पहचान विपिन बोदरा और सुजीत सोय मुरुम के रूप में हुई है। दोनों मुरहू के कोनवा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भीषण था कि मृतक विपिन का सिर धड़ से अलग हो गया। हादसे के बाद उसका सिर कहां गया, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस और ग्रामीण विपिन बोदरा का सिर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मुरहू पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार विपिन बोदरा और सुजीत सोय मुरुम बाइक से अपने गांव कोनवा जा रहे थे। घटनास्थल को देखने के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार और बाइक दोनों की रफ्तार काफी तेज रही होगी। हादसे के बाद कार चालक अपनी कार लॉक कर भाग गया। मुरहू थाना प्रभारी राम देव यादव ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद दोनों शवों को बरामद कर लिया है। साथ ही बाइक और कार को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। परिजन थाने पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## गैस टैंकर और दो वाहनों के बीच भीषण टक्कर, सात लोगों की मौत

**धार :** मध्य प्रदेश के धार जिले में एक गैस टैंकर और दो कारों के बीच टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। धार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे तब हुआ, जब बदनावर-उज्जैन राजमार्ग पर बामनसुता गांव के पास एक गैस टैंकर गलत दिशा से आ रहा था। टैंकर ने विपरीत दिशा से आ रही दो कारों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि पीड़ित रतलाम, मंदसौर (मध्य प्रदेश) और जोधपुर (राजस्थान) जिले के थे। पुलिस के अनुसार, एक कार में सवार चार और दूसरी कार में सवार तीन लोगों की मौत हुई है। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने बचाव अभियान में मदद की, जिसके दौरान क्रेन की मदद से फंसे लोगों को वाहनों से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायलों को पड़ोसी रतलाम जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गिरधारी मखीजा (44), अनिल व्यास (43), वीरम धनगर व चेतन बागेरवाल (23) के रूप में हुई है जो मंदसौर और रतलाम के निवासी थे।

## होली से पहले इसरो का देश को तोहफा, स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक, चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हुआ

**नई दिल्ली :** होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। इससे पहले इसरो ने 30 दिसंबर 2024 की रात 10 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र यानी शार से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) लॉन्च किया था। मिशन की कामयाबी से भारतीय अंतरिक्ष केंद्र की स्थापना और चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष मिशन का मार्ग प्रशस्त हो गया।



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान 4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।

इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की डॉकिंग सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा था, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने डॉकिंग में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इसके साथ ही अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे चंद्रमा पर भारतीय मिशन, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए जरूरी है।

**मिशन के फायदे :** भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है।

यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है...यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा।

यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

## बलूच आर्मी का खौफनाक कदम, 50 और बंधकों को उतारा मौत के घाट



**लाहौर :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी (इछअ) ने हाईजैक की गई ट्रेन से 50 और बंधकों को मार डाला है। इससे पहले 50 बंधकों को मारने की खबर आई थी। अब तक कुल 100 बंधकों की हत्या हो चुकी है, जबकि अभी भी करीब 150 लोग इछअ के कब्जे में हैं।

बलूचों की राष्ट्रीय अदालत ने इन 50 बंधकों को बलूचिस्तान में युद्ध अपराध, जातीय सफाए, जबरन गायब करने और संसाधनों के दोहन का दोषी पाया था, इसलिए उन्हें मौत की सजा दी गई। आज पाकिस्तान की सेना और इछअ के बीच झड़प में 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। वहीं, कल (11 मार्च) भी गोलीबारी में 30 पाकिस्तानी सैनिक ढेर हुए थे। इसके अलावा, पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन हमले के जवाब में इछअ ने 10 बंधकों को मार दिया था।

बलूच आर्मी ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का समय दिया था, जिसमें से 28 घंटे बीत चुके हैं। अब पाकिस्तान सरकार के पास बंधकों की जान बचाने के लिए केवल 20 घंटे बचे हैं। अगर पाकिस्तान सरकार इछअ से किसी समझौते पर नहीं पहुंचती, तो मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

## जयपुर के गोदाम में भीषण आग : दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां मौजूद, लोगों को निकाला बाहर



**जयपुर :** जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में स्थित रोड नंबर 12 के पास मौजूद फैन बेल्ट के गोदाम में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि मौके पर दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां मौजूद हैं।

दरअसल, सर्किल इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुरील को आग लगने की सूचना सबसे पहले मिली थी। घटना का पता चलते ही वे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया।

सीआई कुरील के अनुसार, दमकल विभाग को तुरंत सूचना दी गई और वे आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आग यूको बैंक की शाखा वाली इमारत की पहली मंजिल पर स्थित गोदाम में लगी है। आग लगने के बाद एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके से लोगों को तुरंत बाहर निकाला गया। हालांकि, दमकल की 30 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। अधिकारियों ने बताया कि फैन बेल्ट गोदाम यूको बैंक के ऊपर बना था और भीषण आग के कारण वहां अफरा-तफरी मच गई। इस बीच, पुलिस ने दोनों तरफ का ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया है। इसके अलावा, पुलिस ने इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आसपास की बिजली सेवाओं को बंद कर दिया है। साथ ही प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी की गई है।

वहीं, आग के कारण स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत ही आसपास की जगहों को खाली कराया और स्थिति को नियंत्रित किया।

अग्निशमन अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए घटनास्थल की ओर जाने वाले यातायात को भी डायवर्ट कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के प्रयास अभी भी जारी हैं। बता दें कि कुछ महीने पहले भी एक भीषण आग में कुल 21 लोगों की जान चली गई थी। पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहा एक टैंकर हाईवे पर यू-टर्न ले रहा था और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से वह टकरा गया था।

### केंद्र और तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराया

## सीएम स्टालिन ने राज्य बजट से रुपये का प्रतीक चिह्न हटाया

**चेन्नई :** तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपये का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। ऐसा माना जा रहा है भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह कदम उठाया है।

**तमिलनाडु सरकार और केंद्र में चल रहा विवाद :** केंद्र सरकार और द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम यानी डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 में प्रस्तावित त्रिभाषा फॉमूर्ला राजनीतिक विवाद का केंद्र बना हुआ है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी व त्रिभाषा फॉमूर्ले को लागू करने से मना कर दिया है। इसके चलते केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत मिलने वाली 573 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता रोक दी है। एसएसए फंडिंग पाने के लिए राज्यों को एनईपी के दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है। फंड रोके जाने से सीएम स्टालिन बिफरे हुए हैं। उन्होंने दक्षिणी राज्यों में हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। केंद्र के अनुसार शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है व त्रिभाषा फॉमूर्ले को लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी है।

**उदयनिधि स्टालिन ने भी केंद्र सरकार पर बोला हमला :** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु और पेरियार का अपमान करती है। क्या हम असभ्य हैं? जो लोग हमें असभ्य कहते हैं, वास्तव में वे असभ्य तरीके से व्यवहार कर रहे हैं और हमारे खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। तमिल लोग बहुत जल्द इसका करारा जवाब देंगे।

**वित्त मंत्री ने दी थी त्रिभाषा नीति पर सफाई :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर त्रिभाषा नीति के विरोध को लेकर निशाना साधा और स्टालिन सरकार पर तमिलनाडु में ₹राजनीतिक गड़बड़ी₹ पैदा करने और बच्चों को उनके सीखने के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया।

न्यूज ब्रीफ

## 20 मार्च को रुड सेट सिल्ली में महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण

**मुरी :** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 20 मार्च बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहा है क ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं एंव युवतियां जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान के मोबाइल नंबर 7820953480 ,952338118,9308544400,7370885508 से संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है।

## खेदाडीह में विवाहिता अपने घर में फांसी लटका हुआ बरामद

**मुरी :** सिल्ली थाना क्षेत्र के खेदाडीह में एक विवाहिता महिला उम्र 31 बर्ष को अपने ससुराल में फांसी पर लटका बरामद किया गया। गर्दन पर काले दाग की निशान पाया गया। पुलिस मामले का तहकीकात कर पंचनामा तैयार किया। लड़की का नाम सुनीता कुमारी पति अतुल महतो उर्फ बीडीओ है।पति के अनुसार आज सुबह गाय घर में छज्जे पर रस्सी से लटका देखा।बीती शाम जब मैं घर आया तब तक ठीक सब था। दुसरी तरफ लड़की के पिता बताया कि मेरी लड़की को मार कर टांग दिया।दो रोज पहले मायके लोवादाग आयी थी। इससे पहले भी धरेलु झगड़े को लेकर थाना पुलिस हुआ था। लड़की के और भी परिजन मौत को लेकर संदेह जताया है। सुनीता अपने पीछे एक लगभग सात वर्षीय पुत्र को छोड़ कर स्वर्गवास हो गई।

## राष्ट्र संवर्धन समिति के होली मिलन में उड़े रंग-गुलाल

**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक संगठन राष्ट्र संवर्धन समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को बरियातू जोड़ा तालाब के पास स्थित स्वामी प्रणवानंद बिरसा मुंडा जनजातीय छात्रावास में हुआ। इसमें आरएसएस के प्रतिनिधियों और सदस्यों ने अबीर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने देशी परंपरा के साथ ढ़ोल-मंजीरा और डफली बजाकर और फगुआ गीतों के बीच खूब अबीर और गुलाल उड़ाए। समारोह में राष्ट्र संवर्धन समिति के प्रांतीय अध्यक्ष विवेक भसीन, अनिल ठाकुर, गुंजन भसीन, विजय कुमार, विष्णु जालान, गणेश रेड्डी, राजीव कमल बिट्ठू, राजकिशोर सिंह, आनंद दूबे, कर्मवीर सिंह, धनंजय सिंह, वेदान्त, संजीव, सौरभ, ऋषिकेश कुमार, रुपेश चौबे, राजेंद्र मिश्र, विजय घोष, महेंद्र कुमार, संजय कुमार, ज्योति प्रकाश व अन्य मौजूद रहे।

## फ्रांस के लोगों ने किया ईंटाचिल्द्री गांव के मनरेगा पार्क का भ्रमण

**बेड़ो :** प्रखंड के ईंटाचिल्द्री गांव स्थित मनरेगा पार्क का बुधवार को फ्रांस देश के पेरिस से टीआरआईएफ संस्था के नेतृत्व में एमएस लुसेडो, एमएस स्नेहा और एमआर अमित सिंह ने भ्रमण कर स्थिति का मुआयना किया। सभी विदेशी मेहमान चटाई पर बैठकर मनरेगा पार्क के विषय में विभिन्न प्रकार की जानकारी ली। ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने फ्रांस से आए हुए लुसेडो और स्नेहा को मनरेगा पार्क में लगी लगभग 35 एकड़ की बागवानी के बारे में शुरूआत से लेकर पौधों के बड़े होने तक की जानकारी दी। मौके पर टीआरआईएफ संस्था से डायरेक्टर अशोक कुमार, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अरित्रा पात्रा और नेहा रोबा तिर्की, नमिता, रंजन, अनिता, बागवानी लाभुक कलीन्द्र और नागेन्द्र आदि मौजूद थे।

## गेंदा, गुलाब और पलाश के फूल से तैयार किया गया गुलाल



**गिरिडीह:** जिले में इस बार फूलों की पंखुड़ियां को मिलाकर गुलाल तैयार किया जा रहा है। गुलाब, गेंदा, पलाश के साथ गुलाल बनाया गया है। जिसकी भारी मांग हो रही है। इस गुलाल को बनाने का काम झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस ) की बहनों ने किया है। पलाश के केंद्र में इस गुलाल की बिक्री की जा रही है। गिरिडीह समाहरणालय में भी इसका स्टॉल लगाया गया है जहां लोग इस गुलाल को खरीद रहे हैं।

पलाश से जुड़ी कांती कुमारी ने बताया कि झारखंड राज्य अजीविका संवर्धन सोसायटी की दीदियों के द्वारा प्राकृतिक तरीके से गुलाल बनाया गया है। दीदियों के द्वारा गेंदा फूल, गुलाब फूल और पलाश फूल के पंखुड़ियों का उपयोग कर गुलाल बनाया गया है। इस गुलाल को लगाने से त्वचा पर किसी प्रकार का विपरीत असर नहीं पड़ता है। इस गुलाल की मांग बहुत ही अधिक है। समाहरणालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मियों के अलावा कई नेता, हम लोग भी इस गुलाल को खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस गुलाल को छोटे और बड़े पैकेट में पैक किया गया है। इस बार महिलाओं की कई समूह इस कार्य में जुटी रही।

गुलाल को खरीदने पहुंचे कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर गिरिडीह की बहनों ने बेहतर प्रोडक्ट बनाया है। फूलों के सहयोग से बनाए गए यह गुलाल न सिर्फ सुगंधित हैं, बल्कि काफी मुलायम भी हैं। उन्होंने कहा कि यह गुलाल दोहरा काम कर रहा है। जहां इसको लगाने से लोगों की त्वचा पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा। वहीं इसकी बिक्री से इस कार्य में जुटी ग्रामीण महिलाओं को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्पाद का समर्थन लोगों को करना चाहिए।

## अतिथि शिक्षकों ने कुलपति और उच्च शिक्षा सचिव के खिलाफ किया प्रदर्शन

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने बुधवार को अलबर्ट एक्का चौक पर अपनी मांगों को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार और कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। वे मांग कर रहे थे कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से पारित संकल्प का संशोधन कर आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में हमारा समायोजन किया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों ने अजीत कुमार सिन्हा इस्तीफा दो..., शिक्षा विरोधी सचिव राहुल पुरवार इस्तीफा दो... जैसे नारे लगाए। अतिथि शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय ने मिलकर सरकार को गुमराह करके ऐसा संकल्प पारित करा लिया है जिससे हमारा समायोजन न होकर निष्कासन का रास्ता खुल गया है। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि कुलपति प्राचार्यों के माध्यम से हमें काम करने से रोक भी रहे हैं और दूसरी ओर शिक्षकों की कमी का रोना भी रो रहे हैं। वहीं, अंकित शर्मा ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट से भी हमें अंतरिम राहत दी गई कि हमें नहीं हटाया जा सकता है इसके बावजूद हमें काम करने से रोका जा रहा है। अतिथि शिक्षकों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए रांची विश्वविद्यालय परिसर में पुलिस बल की तैनाती थी।

# सिपाही बहाली में अब नहीं लगानी होगी 10 किलोमीटर की दौड़



संवाददाता

**रांची:** झारखंड के मेडिकल कॉलेजों से पढ़ाई कर तीन साल तक सरकारी सेवा में नहीं रहने वाले डॉक्टरों को आर्थिक क्षतिपूर्ति देनी होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्व के फैसले में संशोधन करते हुए सरकार ने पहले साल में सरकारी सेवा छोड़ने वाले डॉक्टरों के लिए 30 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति को बरकरार रखा है, लेकिन दूसरे साल में छोड़ने वाले ऐसे डॉक्टरों को शेष तीन साल की सेवा तक 1।25 लाख रुपये प्रतिमाह देना होगा।

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिसमें झारखंड मालकर एवं सेवा अधिनियम विधेयक 2025 को कैबिनेट विधानसभा के चालू सत्र में पेश करने की मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए राज्य की कंपनियों द्वारा पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिए जाने वाले कोयले पर स्वामित्व रॉयल्टी की वसूली की तरह ही अन्य गैर पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिए जाने वाले कोयले पर रॉयल्टी वसूलने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि 80 फीसदी कोयले की आपूर्ति पावर रेगुलेटेड कंपनी को की जाती है। जिस पर 14% जीएसटी लगता है।

**पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता में बदलाव का फैसला :** कैबिनेट की बैठक में पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता में बदलाव करते हुए नए नियम बनाने को लेकर पुलिस कक्षपाल, सिपाही, गृह रक्षा वाहिनी उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 बनाने की मंजूरी दी गई। इसके तहत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए छह मिनट में 1600 मीटर और महिलाओं के लिए 10 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ तय की गई है। पहले पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ तय थी, जो अभ्यर्थियों के बीमार पड़ने के कारण काफी विवादों में रही थी। इसके अलावा कैबिनेट ने मार्च 2025 तक सभी जिलों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य बढ़ा दिया है।

एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर फैसला लेते हुए कैबिनेट ने ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 9 फीट की कांस्य आदमकद प्रतिमा लगाने का फैसला लिया है। इस पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में आंधी तूफान और लू से जान-माल की हानि की आशंका को देखते हुए आंधी तूफान और ग्रीष्म लहर को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के अंतर्गत आपदा घोषित करने की स्वीकृति दी गई है।

## गोड्डा से आंध्र प्रदेश ले जाई जा रही तीन नाबालिग लड़कियां बरामद, तीन लोग गिरफ्तार



संवाददाता

**गोड्डा:** जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र से पुलिस ने मानव तस्करी की शिकार तीन नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। तीनों को आंध्र प्रदेश ले जाया जा रहा था। इस घटना में शामिल तीन लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में दो लोग आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। वहीं सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र की एक महिला भी इस घटना में शामिल है।

जानकारी के अनुसार, एसपी अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की गाड़ी में कुछ नाबालिग लड़कियों को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की जिसमें सफेद रंग की गाड़ी से तीन नाबालिग लड़कियों को बरामद कर लिया गया। साथ ही गाड़ी से आंध्र प्रदेश के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में शेख मुर्तजा (उम्र 65 वर्ष), पिता-मस्नात साहेब, नरसरावपेट (आंध्र प्रदेश) और पोपुरी बेंकटेश्वर राव, नवोदयनगर, थाना-गुंटूर, जिला-गुंटूर (आंध्र प्रदेश) हैं। जबकि एक अन्य महिला ऑगस्टीन सोरेन सुंदरपहाड़ी थाना गोड्डा के बड़ा कालाजोर की रहने वाली है।

एसपी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन नाबालिगों को किस लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी के अनुसार इन बच्चों के माता-पिता को काम दिलाने के नाम पर बहला-फुसलाकर अलग-अलग घरों में बेच दिया जाता है। पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने के बावजूद भी ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं। लोग उनकी गरीबी का फायदा उठाते हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## फगुआ के राग से गुलजार हुआ हजारीबाग, लोक संस्कृति की ओर लौट रही नई पीढ़ी

**हजारीबाग:** आधुनिकता की दौड़ में फगुआ के राग धीरे-धीरे गायब होते जा रहे थे। लेकिन फिर से लोग अपने पारंपरिक फगुआ के राग की ओर लौट रहे हैं। होली का पर्व नजदीक है। बसंत पंचमी की शुरूआत के साथ ही गांव में फगुआ के राग सुनाई देने लगे हैं। जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आ रहा है शहर में भी ढोलक, झाल, हारमोनियम, ढोल, झांझर और अन्य व वाद्य यंत्र से लोग फगुआ का आनंद उठा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में लोग बाहर से कलाकार बुलाकर फगुआ के गीतों का आनंद ले रहे हैं। इससे नई पीढ़ी को अपने लोक संस्कृति से जुड़ने का मौका मिल रहा है।

झारखंड, बिहार और यूपी में फगुआ के गीतों का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी के बाद से ही गांव के गली चबूतरे से फगुआ के राग सुनाई देने लगते हैं। ग्रामीण मंडली लगाकर फगुआ के गीतों का आनंद लेते हैं। बदलते आधुनिक दौर के साथ फगुआ के गीत को डीजे ने कमजोर कर दिया था।

हजारीबाग शहर में लगभग 100 से अधिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां 70 प्रतिशत से अधिक जगह पर फगुआ के गीत सुनने को मिले। स्थानीय विस्मय अलंकार कहते हैं कि फगुआ के गीत हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। हालांकि कुछ सालों में आधुनिकता के कारण कहीं खो गया था। फिर से लोग फगुआ का जमकर आनंद उठा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आकर फगुआ के कलाकार फाग के गीत गा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से फगुआ के गीत कलाकार चेतलाल रविदास बताते हैं कि फगुआ के गीत धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे थे। जिस कारण से ग्रामीण क्षेत्रों में कलाकारों की भी कमी आ गई थी। फिर से लोग फगुआ के गीतों का जमकर आनंद उठा रहे हैं। इससे कलाकारों को भी काफी खुशी होती है। फगुआ के गीत की गूंज इस बात को साबित करती है कि परंपराएं भले ही समय के साथ कमजोर पड़ जाए। लेकिन वह कभी मरती नहीं है। समय का चक्र ऐसा चलता है कि परंपराएं फिर से जीवित हो जाती हैं।

## होली की धूम, राजनीतिक कार्यालय से लेकर सरकारी दफ्तर तक में जमकर हुई होली की मस्ती



संवाददाता

**रांची:** होली जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों का उत्साह चरम पर होता जा रहा है। सरकारी कार्यालय से लेकर राजनीतिक दलों के दफ्तर में बुधवार 12 मार्च को कुछ ऐसा ही नजारा रहा।

आजसू कार्यालय में कार्यकताओं ने जमकर होली खेली। होली के गीतों पर झूमते नाचते आजसू के नेता कार्यकर्ता ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर आजसू प्रवक्ता देवशरण भगत ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह एक ऐसा पर्व है जिसमें सभी राग द्वेष मिट जाते हैं और लोग सभी गमों को भूलकर एक नई शुरूआत करते हैं। हम सभी के जीवन में होली के रंगों जैसा निखार बनी रहे यही कामना करता हूं। इस मौके पर आजसू के प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जिसमें बड़े छोटे क्या सभी के बीच भेदभाव मिट जाता है और लोग खुशियों के साथ जमकर रंग खेलते हैं। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि सभी के जीवन में होली की रंग की तरह आपसी प्रेम भाव बनी रहे यही कामना करता हूं।

राज्य सरकार के कार्यालय होली के मौके पर लगातार चार दिन बंद रहेंगे। 13 से 16 मार्च तक सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी का लाभ मिलेगा। 13 और 14 मार्च को पहले से ही छुट्टी थी। राज्य सरकार ने 15 मार्च को भी अवकाश की घोषणा की है। 16 मार्च को रविवार होने की वजह से होली को लेकर सरकारी कर्मचारियों को लगातार चार दिनों की छुट्टी मिल जाएगी।

इधर, होली छुट्टी से पहले सरकारी कार्यालय में जमकर होली खेली गई। रांची समाहरणालय में शांति समिति की बैठक के बाद कार्यालय कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कार्यालय कर्मियों को होली की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। कुछ इसी तरह का नजारा झारखंड मंत्रालय में भी देखने को मिला। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में होली की धूम देखी गई अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक होली के रंग में डूबे रहे एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

### डीआरएम ने किया गोड्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कहा

## गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन का काम जल्द होगा पूरा



संवाददाता

**गोड्डा:** मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बुधवार को गोड्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों और वाशिंग पिट सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली। डीआरएम ने गोड्डा स्टेशन अमृत भारत योजना के कार्यों में देरी और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर रेल पदाधिकारियों को फटकार लगाई।इस दौरान डीआरएम ने हर हाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों को मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**कोचिंग डिपो बनने के बाद गोड्डा से नई ट्रेन :** गोड्डा स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद डीआरएम ने मीडिया से भी बातचीत की। इस क्रम में गोड्डा से और अन्य स्टेशनों के लिए नई ट्रेन चालू किए जाने के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि गोड्डा में कोचिंग डिपो बनने के बाद ही नई ट्रेन चालू होना संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर स्टेशन पर बहुत ज्यादा लोड होने के कारण कंजस्ट होता है। ऐसे में जब तक गोड्डा में कोच यार्ड नहीं बन जाता, तब तक नई ट्रेन नहीं चलायी जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेन के रख-रखाव के लिए गोड्डा से भागलपुर ट्रेन को ले जाने के लिए लगभग 80 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। यह काफी खचीर्ला हो जाता है।

**गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन काम जल्द होगा पूरा :** वहीं गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में डीआरएम ने कहा कि दिसंबर 2026 तक गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन को पूरा करने का टारगेट है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने जल्द कार्य पूरा होने की उम्मीद जताई है। साथ ही उन्होंने गोड्डा-पाकुड़ रेल लाइन पर भी काम जल्द शुरू होने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन और गोड्डा-पाकुड़ रेल लाइन बनने से माल ढुलाई भी हो सकेगा। इससे रेलवे को फायदा होगा।

# होली को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट राज्यभर में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

संवाददाता

**रांची :** होली को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। जानकारी के मुताबिक, राज्य के सभी जिले में दस हजार के करीब अतिरिक्त पुलिस बलों को तैनात किया गया है।

इस होली के दिन रमजान का जुमा पड़ रहा है। इसको लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसको लेकर मुख्यालय ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सुरक्षा के मद्देनजर विशेष निर्देश दिये हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सभी थाना प्रभारियों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने पीसीआर, टाइगर पुलिस और बीट पुलिस से भी लगातार संपर्क स्थापित करते रहने का निर्देश दिया गया है।



**सीएम का निर्देश, पुलिस अलर्ट मोड में रहें : मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने आगामी पर्व-त्यौहारों के मद्देनजर झारखंड पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं। आने-वाले समय में राज्य में होली, सरहुल, रामनवमी और ईद का त्योहार है। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन को विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने और चौकस रहने को कहा गया है।

सीएम ने बुधवार को राज्य के आला अधिकारियों के साथ विधि-व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए।

राज्य के किसी भी क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई छोटी-मोटी अप्रिय घटना, सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इसको लेकर पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट रहे।

सीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की आशंका रहती है, उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतें। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्यौहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें।

**अवैध और नकली शराब के खिलाफ छापेमारी :** होली के मौके पर अवैध और नकली शराब न बिके, इसके लिए पुलिस और उत्पाद विभाग दोनों लगातार छापेमारी अभियान चला रहे हैं। अवैध शराब के अड्डों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। कई जगहों पर देसी शराब, स्प्रिट सहित शराब भी जब्त की जा चुकी है। नकली शराब और स्प्रिट की सप्लाई न हो, इसके लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# श्री माहेश्वरी सभा का फाल्गुणोत्सव सह होली मिलन समारोह संपन्न



संवाददाता

**रांची:** रांची के माहेश्वरी समाज का भव्य फाल्गुणोत्सव सह होली मिलन समारोह स्थानीय माहेश्वरी भवन, गणेश नारायण साबू चौक ,सेवा सदन पथ, रांची में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली एक ऐसा रंग बिरंगा त्यौहार है जिसे सभी लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं, प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग लगाते हैं` यही सोच के साथ रांची महेश्वरी सभा हर साल समाज बंधुओं के लिए फागुन होली महोत्सव का आयोजन करते हैं` संध्या 6:30 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में बच्चों ने सभी का होली गाने मे डान्स किया , मनोरंजक खेल ने सभी को आकर्षित किया, होली चंग धमाल के बिना यह अधूरा होता है इसलिए चंग के प्रोग्राम मे सभी ने खूब नाच गाना करते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी` आज के इस कार्यक्रम मे माहेश्वरी सभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू, रांची सभा अध्यक्ष किशन कुमार साबू, सचिव नरेंद्र लाखोटिया, महिला अध्यक्षा भारती चितलांगिया, सचिव विमला माहेश्वरी, युवा अध्यक्ष विनय मंत्री, सचिव हेमंत माहेश्वरी, उत्सव संयोजक ओम प्रकाश बोरा,राजू सोमानी, श्याम सुंदर बियानी, पूनम राठी अंजना गट्टानी,सोविक बोरा, हिमांशु धूत सहित जुगल किशोर मारु, महाबीर प्रसाद सोमानी, पवन मंत्री, अशोक साबू,अनिल साबू,

उमाशंकर बियानी, मुकेश काबरा, विजय शंकर साबू, , दीपक मारु, परेश गट्टाणी, माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा संगठन के सभी सदस्य परिवार के साथ एवं रांची मे उपस्थित लगभग सभी सदस्य अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के अध्यक्ष सचिव भी उपस्थित रहे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा दोहरी पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना संख्या: ELCJU PSSA-24-25T07R02, दिनांक 10.03.2025. कार्य का नाम स्थान सहित:** Project Supervision Services (PSS) For Works of Railways Electrification Work (OHE + PSI) of 2X25kV OHE Traction System for proposed Doubling, Modification OHE and PSI work in existing yards/open route, Electrical General service work of power supply arrangement for station building, PF, Qtrs., FOB, Approach road, PF Shelter, Circulating area, lighting of circulating area, yard lighting, air conditioning of Admin building, lighting arrangement for pits / stabling lines / sheds & modification of LT / HT power lines etc. in c/w Luni-Samdari-Bhildi Jodhpur Division of North Western Railway under Dy. CEE/C/JU unit of Electrical (Construction)/NWR. **कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 140902550/-. जमा की जाने वाली बयाना राशि: ₹ 854500/-. प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तिथि एवं समय:** 19.03.2025 एवं 11:30 बजे। **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 11.04.2025 को 15:00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है : www.ireps.gov.in कार्यालय ई-मेल का पता: dyceecju@gmail.com**

309-AR/25

NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# युवा ब्रह्मर्षि समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

संवाददाता

**रांची :** युवा ब्रह्मर्षि समाज के तत्वावधान में स्वामी सहजानंद परिसर,धुर्वा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ युवा ब्रम्हर्षि समाज, धुर्वा के अध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में

दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात शहर के प्रबुद्धजनों व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा भगवान श्री परशुराम, बिहार केसरी श्री कृष्ण सिंह, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र, एचईसी के लोकप्रिय श्रमिक नेता व पूर्व विधायक स्व डीके शर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह में काफी संख्या में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से ब्रह्मर्षि समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। पंकज कुमार एवं उनके सहयोगियों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज कुमार ने सभी का अभिनंदन किया। पंकज ने कहा कि महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर हम सबों को चल कर समाज को सुदृढ़ करने की जरूरत है। समारोह में संरक्षक शिवकुमार सिंह, पूर्व विधायक मनोज शर्मा, समाजसेवी बबलू पांडे, संजय पांडे, विशिष्ट अतिथि राजेश ठाकुर,मुनचुन राय, जटाशंकर चौधरी, सुमन कुमार शाही,आनदेश्वर कुमार, अनिल सिंह ( कुसई) अनिल शर्मा, बबलू शुक्ला,अनिल शर्मा, संरक्षक गौतम सिंह, कृष्ण मुरारी शर्मा, शैलेश ठाकुर ,योगेंद्र सिंह, प्रेम सागर सिंह, अरविंद कुमार सिंह ,नीरज कुमार, रामकुमार चौधरी एवं विपिन शर्मा, महामंत्री राम सिंह, महेश कुमार युवा अध्यक्ष साहिल कुमार सोनू, धीरेंद्र सिंह उर्फ बमबम, मिथिलेश राय, रामबोल कुंवर, कन्हैया सिंह, अरुण कुमार, विनोद कुमार राय, हरिशंकर तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, विश्वनाथ कुमार , राघवेंद्र प्रियदर्शी, संजीव नयन, कमलेश शर्मा, निर्मल ठाकुर, जितेंद्र सिंह, उमाकांत सिंह ,रवि शंकर ,देवता नंदन तिवारी, सीपू सिंह, विवेक कुमार राय, अवधेश सिंह ,केशव कुमार, नीरज कुमार ,मनोज कुमार चौधरी, श्रवण कुमार ,जयप्रकाश शर्मा, रवि कुमार सिंह, मुरारी सिंह, प्रमोद कुमार छेदी, विकास कुमार ,अनिल सिकंदर, मालती सिंह, रेनू, अनु राय सहित अन्य शामिल हुए।

# डीसी ने छात्राओं को बेरहमी से पीटने वाली वार्डेन पर की कार्रवाई



**रांची :** गिरिडीह जिले के सरिया स्थित पीएम श्री झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डेन सह शिक्षिका अंशु कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है।उनको पूरे सेवाकाल तक वार्डेन से वंचित रखने और उनके एक वर्ष तक वेतन में बीस प्रतिशत कटौती आदेश जारी कर दी गयी है। मालूम हो कि वार्डेन द्वारा 2 मार्च को अध्यनरत छात्रों की बेरहमी से पीटायी की गई। इस घटना पर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संज्ञान लेते पांच मार्च को मुख्य सचिव एवं गिरिडीह जिले के डीसी को पत्र लिख कर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने इस घटना की जांच कर कर दोषी वार्डेन के विरुद्ध कार्रवाई कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद इस घटना की जांच डीसी ने कराई। जांच में यह घटना सही पाया गया। वार्डेन सह शिक्षिका ने छात्राओं को बेरहमी से पिटायी की थी। छात्राओं के चोटिल होने के उपरांत भी इलाज का उनके द्वारा प्रयास नहीं किया गया और ना ही इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दीगई। इस घटना को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर- सरिया की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की गई। जांच में वार्डन का कृत्य सही पाया गया। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने वार्डन के विरुद्ध यह कार्रवाई की है।

**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना (3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक 25.03.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4108 | TATA INDIGO | 1,40,000/- | 14,000/- |

नियम एवम् शर्त :–

1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वंय वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 348551 Lohardaga(24-25).D

# राष्ट्र सेवा फाउंडेशन का भव्य होली मिलन समारोह संपन्न



संवाददाता

**रांची :** जिले के हरमू, अरगोड़ा थाना अंतर्गत विद्यानगर अबाकस कोचिंग सेंटर में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में आरएसएफ महिला प्रदेश अध्यक्ष सह कोचिंग सेंटर की निदेशक श्रीमती सोनी सिंह द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के द्वारा भक्ति भजन के साथ की गई। समारोह में उपस्थित सभी राष्ट्रप्रेमियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज एवं बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। हमें इस पर्व को हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए, ताकि समाज में एकता प्रेम के साथ भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल कायम करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो भाईचारे का संदेश विश्व भर में देता है। कहा कि इस होली पर्व के अवसर पर हम सब मिलकर लोग क्रोध, ईर्ष्या, घृणा, अभियान एवं नकारात्मक बुराइयों का होलिका दहन कर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को आत्मसात करें, तथा नई उत्साह व उमंग से होली का स्वागत करें। वहीं महिला प्रदेश अध्यक्ष सोनी सिंह ने सभी लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि जिस तरह जीवन में हजारों रंग होते हैं ठीक उसी तरह रंगों की यह त्योहार होली भी हमारे अंदर आनंद व उमंग भर देती है। यह त्यौहार प्यार बांटने का दिन है। होली दोस्तों, मित्रों व परिवार में बड़े बुजुर्गों के मतभेद को होली के रंगों के माध्यम से समाप्त करती है। समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए तथा मिठाईयां खिलाकर खुशियां साझा की, और रंगों का आनंद उठाया, व सामाजिक एकता का संदेश दिया। समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक होली गीत गाने के साथ हुआ, जिससे माहौल सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि स्वामी श्री सीताराम शरण जी संगठन की मजबूती पर बल देते हुए अपना विचार रखे, और संगठन का प्रदेश कार्यालय के निर्माण के लिए सभी राष्ट्रवादी सनातनी भाइयों को सहयोग व साथ देने के लिए आगे आने की अपील की। ताकि संगठन सनातन समाज व राष्ट्र के लिए और मजबूती से कार्य कर सके।

इस समारोह में मुख्य रूप से देव सिंह, डॉक्टर अभिषेक कुमार सिन्हा, निर्भय कुमार, सुरजीत दीवान, संजय इंद्रजीत, आलोक कुमार तिवारी, मुकेश सिंह, कंचन जोशी, रेनू दुबे, पिंकी पांडेय, रीना सिंह, गरीमा सिंह, अंशु मंडल, समीक्षा कुमारी सहित कई अन्य सनातनी योद्धा एवं वीरांगनाएं शामिल रहे।

**JAPIT**

**Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology**

**(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)**

**Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**

**Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com**

**CORRIGENDUM-II**

**Procurement of items/equipment's under Phase-III of eCourts Project for Hon'ble High Court, Ranchi, Jharkhand**

**Tender Ref No. JAP-IT/ECOURTS/01/2025**

With reference to the above tender, please be informed that the corrigendum-II has been uploaded in Jharkhand Tenders.

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.

PR Ref No. 347137, 348109.

Sd/-
(OSD, JAP-IT)

PR 348547 Information Technology (24-25)_D

**Government of Jharkhand**
**Jharkhand Rural Health Mission Society Department of Health, Medical Education & Family Welfare Namkum, Ranchi.**
**Phone No: 0651-2261000, 2261856 & 2261002**
**Mail ID:** procurementjrhms@gmail.com

Gem Tender Notice.: GEM/2025/B/5937243 Date: 12/03/2025

**Gem Tender Notice**

In– Charge Procurement Cell on behalf of Mission Director, Jharkhand Rural Health Mission Society, Department of Health & Family Welfare, Govt. of Jharkhand Namkum, Ranchi invites Gem Tender from eligible firms for **Hiring of Sanitation Service –Sweeper; 5;All Areas; All Areas; Daily;3**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Hiring of Sanitation Service – Sweeper; 5;All Areas; All Areas; Daily;3 |
| 2 | Publication Date of Tender on Gem portal | 12/03/2025 |
| 3 | Pre-Bid Meeting Date and Time | 20/03/2025 at 11 :00 am |
| 4 | Bid Opening Date on Gem Portal | 08/04/2025 at 12:30 pm |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.24000 /- (Twenty Four thousand Rupees only) |
| 6 | Contact no. of procurement person | 9110943588 |

Note-: The Specified dates and time may change due to abrupt declaration of holidays or any other unforeseen circumstances .The same shall be informed through GEM-portal as and when required.

Sd-/-
In-charge Procurement,
Jharkhand Rural Health Mission Society,
Namkum, Ranchi

PR.NO.348511 Jharkhand Rural Health Mission Society(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग**

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के टर्नर, मशीनिष्ट, फीटर व्यवसायों में प्रशिक्षण हेतु कर्मशाला में उपस्थिापित खराब मशीनों के मरम्मति एवं मन्टेनेंस हेतु निर्माता, अधिकृत डीलर, अधिकार प्राप्त एजेन्टों, स्टॉकिस्टों, एवं प्रतिष्ठानों से दिनांक–19.03.2025 को अपराह्न 04:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक–20.03.2025 को अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष मुहरबंद निविदा जो प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के कार्यालय में क्रय समिति एवं निविदाकर्त्ता के प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा पत्र के साथ संबंधित खराब मशीन एवं मेनटेनेंस हेतु मशीनों की सूची दिनांक–13.03.2025 से 17.03.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांयकाल 04:00 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के कार्यालय से रूपये 500/– (पॉच सौ) का बैंक ड्राफ्ट प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के पदनाम से जमा करके प्राप्त की जा सकती है। इसकी पूरी जानकारी वेबसाइट www.jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
हजारीबाग।

PR.NO.348549 Labour Employment and Traning(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०, खूँटी**

ई. निविदा अन्तर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

**(Two Envelope System)**

(2nd Call)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–NREP/KHUNTI/F$_2$-15/2024-25 दिनांक–11.03.2025

कार्य का नाम:–

| क्र० | योजना का नाम | जिला | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Repair and Renovation of ST School building, additional Hall at 1st Floor,Gym building,Paver Block in school Campus, Construction of Kitchen Shed and misc. work at ST Residential Girls School,Kundi | Khunti | 145.984 | 0.10 | 11 माह |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।

1. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–17.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–24.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समय–24.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलन (Technical Bid) की तिथि:–26.03.2025 को अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई–मेल आई डी:–कार्यपालक अभियन्ता,एन०आर०ई० पी०,खूँटी / 9199914370 / email:-divisionnrep@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा / राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

PR.NO.348463 NREP(24-25):D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## नवोन्मेष का आवाहन

शिशिर के बाद फागुन और चैत आते के साथ वसंत ऋतु की दस्तक होती है। वसंत में प्रकृति अपने सौंदर्य का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र रहती है। उसके अपने दूत बने पक्षी गाकर, वृक्ष और पादप नए पुष्प और पल्लव के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस व्यग्रता का डंका बजाते चलते हैं। फागुन की मदमाती बयार किसी के भी चित्त को उन्मथित किए बगैर नहीं छोड़ती यह सब एक क्रम में कालचक्र की निश्चित गति में आयोजित होता है। प्रकृति नया परिधान धारण करती है। खेतों और बाग-बगीचों में रंगों से अद्भुत चित्रकारी चलती रहती है। पीली सरसों, तीसी के नीले फूल, आम की मंजरी, कोयल की मधुर कूक के बीच प्रकृति एक रमणीय सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। बिना किसी व्यतिक्रम के एक संगति में ये विविधता भरा बदलाव एक नया, अनोखा, आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। नया रमणीय होता है इसलिए मानव चित्त को बड़ा प्रिय लगता है। नए अनुभव के लिए मन में उत्सुकता और उल्लास भरा होता है। अनजाने का आकर्षण अतिरिक्त उत्साह भरता है। वसंत में ऋतु-परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने के लिए विवश करता है। इस आलोड़न के चलते लोग वह नहीं रह जाते जो होते हैं। चित्त के परिष्कार से व्यक्ति कुछ का कुछ बन जाता है। जुड़ने और आत्म-विस्तार से ही मनुष्य होने का अर्थ सिद्ध होता क्योंकि एक अकेला व्यक्ति अधूरा ही रहेगा। दूसरों के बीच और दूसरों से जड़ कर ही हमें अस्तित्व की प्रतीति हो पाती है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊजार्वान बनाती है।

जब कालिदास ने उत्सवप्रियाः मानवाः कह कर उत्सवधर्मिता को मनुष्यता का लक्षण घोषित किया था तो उनके ध्यान में होली जैसे मदनोत्सव ही रहे होंगे जिनमें लोग अपनी भिन्नता से ऊपर उठ कर साझे की अस्मिता रचते हैं। अहंकार की सीमाओं को तोड़ एक अतिक्रामी पहचान बानाने का यह उत्सव ज़िंदगी में नीरसता के विरुद्ध रस की ललकार है। ऊपरी भेदों को रंगों में डुबो कर सब को अपने जैसा बनाने और देखने का उद्योग आपसी सौहार्द की भावना को भी जगाता है। यह दुखद है कि आज अस्मिताओं की घोर लड़ाई चल रही है। बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना निकटता, साझेदारी और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। आज की आधुनिक जीवन-शैली में हम अपने अनोखेपन और दूसरों से अलग पहचान पर बड़ा जोर है। सबकी चाह है कि वस्त्र, भोजन और आभूषण सबकुछ ह्यकस्टमाइज्डह्ल और ह्यडिजाइनरह्ल होना चाहिए। अलग लगने और दिखने की अदम्य चाहत से फि जूलखर्ची, ऊब और थकान भी बढ़ रही है। सबसे अलग होने के क्रम में फैशन की दुनिया में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते व्यर्थता का अहसास भी बढ़ता जा रहा है। परंतु सत्य यही है कि जन्म के समय मनुष्य के रूप में जैविक शारीरिक आकार प्रकार में व्यापक समानताएँ होती हैं। फिर समाज में रहते हुए हम अलग नाम, काम और धाम के बीच अपनी मौलिक समानताओं से दूरी बढ़ाते जाते हैं। पर सत्य तो यही है कि हम सिर्फ़. एक-दूसरे से भिन्न ही नहीं हैं हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। भिन्नताओं के बीच समानताएँ भी गौरतलब होती हैं क्योंकि उसी की बदौलत संवाद, सहयोग और सहकार संभव होता है। इसलिए समानताओं की पहचान खोजना और अनुभव करना भी बेहद जरूरी है। मानव निर्मित संकुचित अस्मिताओं के चलते तनाव, अत्याचार हिंसा और युद्ध ही बढ़ता है। उत्तरदायित्व की जगह लोभ और स्वार्थ के वशीभूत हो कर अत्याचार और अनाचार जीवन को प्रदूषित कर रहे हैं। आज की बिडंबना यही है कि हम अपने अस्तित्व को सबसे अलग-थलग हो कर सिर्फ़. वैयक्तिकता और निजता को समृद्ध और पुष्ट करने की दिशा में गतिशील हो रहे हैं। इसके चलते अकेलेपन के साथ दूसरों के साथ टकराव भी अवश्यंभावी हो जाता है। बंधुत्व और उदारता के साथ सबको जीने का अवसर देकर ही हम सच्चे अर्थों में मनुष्य हो सकेंगे। छोटी अस्मिताओं से ऊपर उठ कर देश, समाज और मनुष्यता के स्तर पर अपनी साझी अस्मिता की वास्तविकता महसूस करते हुए ही मानव कल्याण संभव है। होली की पिछली रात को होलिका दहन में स्वार्थ का दहन कर ही हम होली के वास्तविक आनंद की पात्रता अर्जित करते हैं।

## कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर

रूस ने घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं।वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेजी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं। वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं।

# बदले-बदले से 'सरदार' नजर आते हैं

> किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि बहुत हो चुका अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है। पंजाब में इन दिनों मुख्यमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश कर रहा है।

अपनों से अब बेजार नजर आते हैं। इस शेयर में अगर 'सरकार' की जगह 'सरदार' लिख दिया जाए तो यह पंक्तियां पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान पर बिल्कुल स्टीक बैठती हैं। कुछ दिन पहले तक अपने चुटकलों से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देने वाले भगवंत मान अब उत्तर प्रदेश के योगी के अंदाज में दिखने लगे हैं। नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं, दिन में हड़ताली राजस्व अधिकारियों को सीधा-सीधा धमकाते हैं कि ह्यआपको छुट्टी मुबारकह्ल और शाम होते-होते उन्हें निलम्बित कर देते हैं।

**राकेश सेन**

और तो और किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि बहुत हो चुका अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है। पंजाब में इन दिनों मुख्यमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश कर रहा है। चूंकि राज्य में 'आप' की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है। पंजाब में भी दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर आम आदमी क्लीनिक खोले गए, मनीष सिसोदिया के आदर्श स्कूलों की कॉपी करते हुए स्कूल आफ एमिनेंस खोले गए। पंजाब के मंत्री दिल्ली वालों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते नहीं अघाते परन्तु दिल्ली के विकास मॉडल के धड़ाम होने के बाद पंजाब का नेतृत्व भी सन्न है। आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी। पर आज राज्य में आए दिन कहीं न कहीं नशे की ओवरडोज मौत होने की खबरें मिलती रहती हैं। कुछ जगह पर तो आठ-दस साल के बच्चों के भी नशे करने की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य में आटे की तरह चिट्टा (हेरोइन) बिक रहा है। नशा महिषासुर राक्षस बन चुका है जिसको जितना मारो उसके रक्त की हर बून्द से नए-नए महिषासुर पैदा हो रहे हैं। पुलिस आए दिन भारी मात्रा में नशा पकड़ने का दावा करती है परन्तु इसके बावजूद पंचनद की धरती पर नशे का छठा दरिया बहता दिखाई देता है। राज्य का सरकारी कर्ज निरंतर बढ़ रहा है तो महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का चुनावी वायदा विपक्षी दल भूलने नहीं दे रहे। धरना प्रदेश बनता जा रहा पंजाब

कहते हैं कि एक बार मुल्ला जी ने नदी में बहते हुए रीछ को कम्बल समझ कर पकड़ लिया, पर कुछ ही देर बाद हालत यह हो गई कि मीयां जी तो कम्बल को छोडा चाहें पर अब कम्बल मीयां जी को ना छोड़े। यही हालत किसान संगठनों को लेकर भगवंत मान सरकार की होती दिख रही है। दिल्ली में चले किसान आन्दोलन के दौरान आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलनकारी किसानों को केवल समर्थन ही नहीं दिया बल्कि लंगर-पानी तक पहुंचाने का काम भी किया। समय बदला, अब वही किसान संगठन आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए सिरदर्द बनते दिख रहे हैं। साल पहले किसानों के नए आंदोलन के तहत दिल्ली कूच करते हुए हरियाणा पुलिस ने आंदोलनकारियों को पंजाब-हरियाणा की सीमा शम्भू बार्डर पर ही रोक दिया था। आन्दोलनकारी किसान तब से वहां पक्का मोर्चा लगाए बैठे हैं। यह आंदोलन अब राज्य के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। पंजाब की औद्योगिक नगरियां अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना इसी मार्ग से दिल्ली के साथ जुड़ी हैं परन्तु रास्ता बंद होन के कारण न तो कारखानों को कच्चा माल आसानी से सप्लाई हो रहा है और न ही तैयार माल ठिकानों पर पहुंचाया जा सकता है। वैकल्पि मार्ग अपनाने से माल की लागत बढ़ रही है जिससे पंजाब के उद्योगपति पिछड़ रहे हैं। दिल्ली जाने के लिए आम लोगों को भी गांवों के कच्चे मार्गों से हो कर गुजरना पड़ता है। इससे पंजाब का उद्योग चरमराता जा रहा है, मुख्यमंत्री कई बार देश के बड़े धनपतियों से मिल कर राज्य में नये निवेश का आमंत्रण दे चुके हैं परन्तु जब पहले से स्थापित उद्योग किसान आंदोलनकारियों के कारण त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हों तो भला नया उद्योग कैसे राज्य में आए। पंजाब के उद्योगपति व व्यवसाई कई बार मुख्यमंत्री से भेंट कर इसका स्थाई हल निकालने की मांग कर चुके हैं पर कोई रास्ता निकलता नजर नहीं आ रहा, तो ऐसे में सरदार जी का बदलना समझ आता है।

कुछ विश्लेषक सरदार जी के बदलाव के पीछे पार्टी की आंतरिक राजनीतिक को भी कारण मान रहे हैं। सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि दिल्ली में कमरतोड़ पराजय के बाद राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो चुके अरविंद केजरीवाल अब पंजाब में अपनी सम्भावनाएं खोज रहे हैं। लुधियाना में आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी के देहांत के बाद वहां रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी ने वहां के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार घोषित किया है। इससे राज्य में इस चर्चा को बल मिला है कि खुद अरविंद केजरीवाल यहां से राज्यसभा जाने की इच्छा रखते हैं। भगवंत मान शायद अधिक अच्छे से जानते हैं कि राज्यसभा व लोकसभा की टिकटें बांटने वाले केजरीवाल पंजाब में केवल सांसद बनने के लिए नहीं आरहे, वे कुछ और चाहते हैं। अगर सरदार जी की सरकार यूं ही ढचक-ढचक शैली में चलती रही तो उनकी कुर्सी को खतरा हो सकता है। शायद यही कारण है कि भगवंत मान आज 'कमेडियन' से 'कर्मयोगी'बनने की कोशिश में सख्ती दिखा रहे हैं। अंत में यही कहा जा सकता है कि ...

देख उनकी सादगी पर मिट गए थे कभी,
अब पैंतरे बदलते सरकार नजर आते हैं।
बदले-बदले से 'सरदार' नजर आते हैं

**(लेखक के विचार है)**

# आइए खेलते हैं, हंसी-ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से

> होलिका के लिए एक पेड़ की टहनी को भूमि में स्थापित किया जाता है और उसे चारों ओर से लकड़ियों, कंडों व उपलों से ढक दिया जाता है। शुभ मुहूर्त में इस संरचना में अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। इसमें छेद वाले गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अग्नि व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और नकारात्मक शक्तियों को नष्ट कर देती है।

इस वर्ष चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि का आरंभ 14 मार्च को दिन में 12 बजकर 25 मिनट के बाद हो रहा है। इससे पहले तक फाल्गुन पूर्णिमा तिथि रहेगी। ऐसे में 14 मार्च को दिन में प्रतिपदा तिथि लग जाने से रंगोत्सव 14 मार्च को ही मनाया जा रहा है। जबकि होलिका दहन 13 मार्च को किया जा रहा है। होलिका दहन के दिन भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 11 बजकर 26 मिनट तक होगा, इसी के बाद होलिका दहन किया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया करीब 13 घंटे का रहेगा। होलिका के लिए एक पेड़ की टहनी को

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

भूमि में स्थापित किया जाता है और उसे चारों ओर से लकड़ियों, कंडों व उपलों से ढक दिया जाता है। शुभ मुहूर्त में इस संरचना में अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। इसमें छेद वाले गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अग्नि व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और नकारात्मक शक्तियों को नष्ट कर देती है। होलिका दहन के बाद राख को घर लाकर तिलक लगाने की भी परंपरा है। इस दुनिया मे जो भी सुख- दुःख है वह हम सबके अपने-अपने कर्मों के कारण है। इस दुनियादारी के दुःखों के बीच ही हम थोड़े समय के लिए होली जैसे पर्वों के माध्यम से सुख खोजते है। क्षणिक सुख की यही घड़ी हमें होली पर मदहोश कर देती है और हम विनोद भाव से हंसी-ठिठोली कर होली का रसास्वादन प्राप्त करते हैं। सत्य यही है कि सारा संसार आज दुःखो की होली खेल रहा है। सभी एक-दूसरे पर पांचों विकारों व उनके वंशों के बदरंगों की बौछार कर रहे हैं । किसी पर काम का रंग चढ़ा है तो किसी पर क्रोध का रंग, कोई लोभ में मदहोश है तो कोई मोह के रंग से रंगा हुआ है। स्वार्थ, इर्ष्या, द्वेष, घृणा, अमानवीयता, आपराधिक आकर्षण और बेवजह की आवश्यकता के सूक्ष्म बदरंगों से तो कोई बचा ही नहीं है। इन सबके मूल में है देह अभिमान का रंग, जिसके कारण आज हम सबकी आत्मा भी बदरंग हो गयी है। जबकि आत्मा का वास्तविक गुण रूपी रंग ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति व आनंद का है ,जो कहीं छिप-सा गया है और उसके ऊपर विकारों का कीचड़ आ जाने से सब उल्टा-पुल्टा हो गया है। हम सभी को विकारों के रंग के बजाए आत्मिक रंगों से रंगकर सारे विश्व को आत्ममय बनाना चाहिए। यह आत्मिक रंग एक परमात्मा के सत्संग द्वारा प्राप्त होता है। शिव परमात्मा ही नयी दुनिया के स्थापनार्थ कल्प कल्प संगमयुग में अवतरित होकर अपने आत्मा रूपी बच्चों को अपने संग के रंग से रंगकर आप समान पवित्र बना देते हैं। इसे ही सच्ची होली मनाना भी कहते हैं। होली मनाने के लिए पहले अपवित्रता व बुराईयों को भस्म करना होगा। विकार भाव भूलकर पतित से पावन बनकर हमें आपस में भाई-भाई की वृत्ति रखनी होगी तभी हम अविनाशी रंग का अनुभव कर सकेंगे।

परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं- पहला होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिन्ता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो। दूसरा होली अर्थात हो गई यानी मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है। तीसरा होली अर्थात पवित्रता। हमें जो भी कर्म करने हैं, वे किसी भी विकार के वश होकर नहीं वरन पवित्र बुद्धि से करने हैं। होली का त्योहार हिन्दू वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। जिसे हम सृष्टि चक्र के रूप में भी समझ सकते हैं। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं। लेकिन जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें विकारों से ग्रसित हो बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं, तब निराकार परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर विकारों से बदरंग बनी आत्माओं को अपने संग का रंग लगाते हैं। उन्हें उजला बनाते हैं। उनमें ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, आनन्द, पवित्रता, शक्ति आदि गुण भरकर देवतुल्य बना देते हैं। चूँकि यह घटना कल्प के अंत में घटती है इसलिए यादगार रूप में होली का त्योहार भी हिन्दू वर्ष के अंतिम दिन मनाया जाता है। भगवान जब आते हैं तो स्वयं तो ज्ञान-गुणों का रंग आत्माओं पर लगाते हैं। जिन पर ज्ञान-गुणों का रंग लग जाता है, उन्हें अन्य आत्माओं पर भी यह रंग लगाने की प्रेरणा देते हैं। परमात्मा शिव द्वारा ज्ञान के रंग में मनुष्यों को रंगने का कर्त्तव्य केवल एक या दो दिन नहीं, वर्षभर भी नहीं बल्कि कई वर्षों तक चलता है। ईश्वरीय कर्त्तव्य का यह संपूर्ण काल ही सच्ची होली है। लेकिन भक्तों द्वारा, कई वर्ष चलने वाले ईश्वरीय कर्त्तव्य की यादगार के रूप में केवल एक या दो दिन गुलाल आदि डालकर, लकड़ियाँ और उपले जलाकर होली मना ली जाती है। होली पर हिरण्यकश्यप, होलिका तथा प्रह्लाद की कथा का भी आध्यात्मिक रहस्य है। जो लोग प्रह्लाद की तरह स्वयं को परमात्मा का पुत्र मानते हैं, उन्हीं से परमात्मा की प्रीत होती है और जो लोग हिरण्यकश्यप की तरह मिथ्या ज्ञान के अभिमानी हैं और स्वयं को भगवान मानते हैं, वे विनाश को प्राप्त होते हैं और होलिका की तरह जो आसुरियता का साथ देते हैं, वे भी विनाश को ही पाते हैं। कहते है कि हिरण्यकश्यप ने वर प्राप्त किया था कि 'न मैं दिन में मरूँ, न रात में, 'न अंदर मरूँ, न बाहर', 'न किसी मनुष्य द्वारा मरूँ, न देवता द्वारा' यह भी संगमयुग की ही बात है। यह संगमयुग अतुलनीय युग है। यह न ब्रह्मा का दिन है और न ब्रह्मा की रात्रि, यह दोनों का संगम है। यहाँ न मानव हैं, न देव वरन तपस्वी ब्राह्मण हैं। इसी लिए तपस्या के बल पर मिथ्या ज्ञान के अभिमान और आसुरी वृत्तियों का अंत होली के रूप में होता है। लेकिन हम इस पवित्र होली को भी अपने हुड़दंग से विषैली बना देते हैं, जिससे बचकर रहने की जरूरत है। तो आइए खेलते हैं सुखों और हंसी -ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से, लगाते हैं सद्भावना का गुलाल बन्धुत्व की क्यारी से।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आखिर क्यों होलिका दहन की राख को घर ले जाया जाता है?

फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होली का पर्व मनाया जाता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। छोटी होली को होलिका दहन होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलिका दहन का त्योहार सुख-समृद्धि और व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियों को दूर करता है। यदि आपके जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, तो होलिका दहन के दिन आप होलिका दहन के दिन होलिका अग्नि की पूजा और परिक्रमा लगाने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। अब आपको बताते हैं होलिका दहन की राख को घर ला सकते हैं। आइए इस लेख में आपको बताते हैं।

### अग्नि की राख को घर लेकर आ सकते हैं?

होलिका दहन के बाद इसकी राख को अपने घर में लेकर जरुर आना चाहिए। इस राख को बेहद ही पवित्र माना जाता है। होलिका



की राख घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। होलिका की राख को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं। अगर घर में कोई बीमार है। तो होलिका की राख को उसके सिरहाने रखने से रोग मुक्ति होती है। होलिका की राख को कपड़े में बांधकर घर के गुप्त स्थान पर रखने से बुरी नजर से बचाव होता है।

### होलिका की राख को घर में रखने के नियम

- होलिका अग्नि की राख को सही दिशा और स्थान पर रखने से लाभ होते हैं।
- होलिका की अग्नि को राख को घर के किसी कोने में रख सकते हैं।
- होली की राख को घर के मुख्य द्वार के पास रख सकते हैं।
- होलिका की राख को ज्यादा दिन तक घर में नहीं रखना चाहिए, कुछ दिनों के बाद इसे किसी पवित्र जगह जैसे पेड़ के नीचे या नदी में विसर्जित कर देना चाहिए।

## सेहत

### ज्यादा स्ट्रेस लिया तो होंगे बीमार

स्ट्रेस हमारे जीवन का एक ऐसा हिस्सा है, जिससे हर कोई गुजरता है। बता दें कि दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसको स्ट्रेस नहीं होगा। तो वहीं कुछ लोग जरूरत से ज्यादा स्ट्रेस में रहता हैं। अधिक स्ट्रेस लेने की वजह से हमारी भावनाएं प्रभावित होती हैं। साथ ही इससे हमारे शरीर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं स्ट्रेस लेने से कई गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रही हैं कि स्ट्रेस से कौन सी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**स्ट्रेस से होने वाली 5 बीमारियां** : तनाव हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। वहीं जब हम स्ट्रेस लेते हैं तो शरीर में कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह आपके पाचन क्रिया को धीमा करता है और इससे पेट में दर्द, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्ट्रेस होने पर शरीर में कॉर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है। यह शरीर को एनर्जी देने के लिए ब्लड शुगर के लेवल को बढ़ा सकता है। वहीं लंबे समय ऐसी स्थिति बनी रहने पर टाइप टू डायबिटीज जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। अधिक तनाव होने से गर्मी महसूस होने लगती है। इससे रक्तचाप बढ़ जाता है। स्ट्रेस के दौरान शरीर का ब्लड सकुर्लेशन अधिक तेज हो जाता है। इससे दिल की धड़कन बढ़ जाती है। उच्च रक्तचाप दिल और रक्त वाहिकाओं के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अधिक स्ट्रेस होने पर स्ट्रोक और दिल का दौरा भी पड़ सकता है। अधिक तनाव लेने से अनिद्रा की समस्या पैदा हो सकती है। अनिद्रा की वजह से व्यक्ति को सोने में कठिनाई महसूस होती है और नींद की कमी तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# मधुबन में आदिवासियों का महाजुटान कहा - लेकर रहेंगे अपना हक-अधिकार

**मेट्रो रेज**

**गिरिडीह:** बुधवार को मधुबन में आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा जनआक्रोश रैली का आयोजन किया गया. रैली के बाद फुटबॉल मैदान में सभा की गई. 'अतिक्रमण हटाओ, मरांग बुरू बचाओ ' नामक इस कार्यक्रम में सूबे के कई जिलों के आदिवासियों का जुटान हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत रैली से गई. परंपरागत हथियारों से लैस होकर आदिवासी समाज के महिला-पुरुष मरांग बुरु (पारसनाथ पर्वत) पर स्थित दिशोम मांझी थान पहुंचे. यहां के बाद रैली फुटबॉल मैदान पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया.

सभा में वक्ताओं ने कहा कि जैन समाज के द्वारा उनकी पूजा पद्धति पर हमला किया जा रहा है. हमारे अधिकार को जनहित याचिका के द्वारा छीनने का प्रयास किया जा रहा है, हम इसका विरोध करते हैं. हमारी पूजा, बलि प्रथा पर रोक सही नहीं है. हम जाहेर थान में बलि करते हैं, पूजा करते हैं. इसपर रोक लगाया जाएगा तो हम आरपार की लड़ाई लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि इसके अलावा मरांग बुरु पर अतिक्रमण भी हो रहा है जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है.

राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया मांग पत्र



इस विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद पीरटांड के सीओ गिरिजाशंकर किस्कू और बीडीओ मनोज मरांडी को एक मांग पत्र सौंपा गया. इस मांग पत्र में मरांग बुरु बचाओ संघर्ष मोर्चा ने कहा है कि मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) पीरटांड, गिरिडीह संथाल आदिवासियों का देव स्थल है. मरांग बुरू को ईश्वर के रूप में सृष्टिकाल से आदिवासी पूजते रहे हैं. प्रत्येक साल वसंत ऋतु, फागुन महीना के शुल्क पक्ष तृतीय को दिशोम बाहा महोत्सव मनाया जाता है. पहाड़ की चोटी में अवस्थित युग जाहेर थान में बलि प्रथा का प्रचलन है.

पर्वत के तलहटी में दिशोम मांझी थान अवस्थित है. जहां पर मरांग बुरू, जाहेर आयो, मोडेको, गोसाई बाबा और मांझी हडाम ग्राम देवता की पूजा-अर्चना, बोंगा बुरू होता है. प्रत्येक साल वैशाख पूर्णिमा में तीन दिवसीय धार्मिक शिकार सेंदरा और लॉ-बीर वैसी का आयोजन होता है. बिहार राज्य जिला गजट एवं 1911 में तैयार सर्वे खतियान भूमि अधिकार अभिलेख में उक्त रिवाज का स्पष्ट उल्लेख है. बिट्रिश हुकूमत के समय जैन समुदाय के द्वारा दावे संबंधित एक वाद आयुक्त के न्यायालय में दाखिल किया गया था. जैनियों का दावा खारिज कर दिया गया था. उसके बाद जैन समुदाय ने पटना उच्च न्यायालय में वर्ष 1917 में अपील दायर की, वह भी खारिज हो गयी. उसके बाद प्रीवी कॉउन्सील में अपील की गयी. प्रीवी कॉउन्सील ने न्याय आदेश दिया कि मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) पर संथाल आदिवासियों का कस्टमरी राइट है. मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) में शिकार करना संथालों का परांपरागत अधिकार है.

मांग पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिसूचना संख्या 2795 (3) दिनांक 02 अगस्त 2019 के तहत मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) को इको सेंसिटिव जोन घोषित किया गया है. अधिसूचना में आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार की रक्षा का उल्लेख है. संविधान के अनुच्छेद 244 का अनुपालन एवं अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 जनजातियों की भूमि पर लागू नहीं होगा. परन्तु जैन समुदाय के दबाव में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने असंवैधानिक ढंग से बिना ग्राम सभा की सहमति से संशोधन मेमोरेंडम पत्र राज्य सरकार को जारी किया है.

जिसके आधार पर जैन समुदाय द्वारा हम संथाल आदिवासियों के प्रथागत अधिकार (कस्टमरी राइट) को चुनौती दिया जा रहा है. जैन समाज की एक संस्था द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गयी है. जिसमें जैन धर्म के आड़ में मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) में मांस मंदिरा के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने का केन्द्र एवं राज्य सरकार का निर्देश के अनुपालन की मांग की गयी है. इसके आड़ में हम संथालों के प्रथागत अधिकार बलि प्रथा को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है.

मांग पत्र में अतिक्रमण का भी जिक्र किया गया है. कहा गया है कि मरांग बुरू में जैन समुदाय के द्वारा अतिक्रमण किया गया है. मांग पत्र में कहा गया है कि जैन समुदाय के द्वारा वन भूमि पर की गई अतिक्रमण की जांच के लिए सेवानिवृत न्यायधीश की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जाए और उचित पहल करते हुए अतिक्रमण को अविलंब हटाया जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. इसके अलावा अजय टुडू की हत्या की जांच, सरना धर्म कोड लागू करने की भी मांग की गई है.

## भड़काऊ व फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई : नितिन

**मेट्रो रेज**

साहिबगंज/बरहरवाःरंगोत्सव होली पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर विधि-व्यवस्था वं आमजनों के सुझाव परामर्श हेतू बरहरवा शान्ति समिति की बैठक बरहरवा थाना परिसर मे बुधवार को अपराह्न 2 बजे आयोजित किया ।बैठक की अध्यक्षता बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खांडेवाल एवं बरहरवा वीडिओ सन्नी कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि होली के पावन पर्व पर पूर्ण रूप से डीजे पर बजने वाले अश्लीलता गाने पर प्रतिबंध रहेगा ।उन्होंने होली के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई होगी ।सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा ऐसा करने वाले के साथ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी,किसी को जबरन रंग नहीं लगे सामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है ।होली के



दिन पुलिस गश्ती टीम लगातार गस्ती करेगी ।उन्होंने सौहार्द पूर्वक वातावरण मे होली माने की बात कही ।वही होलिका दहन सार्वजनिक स्थल जैसे चौक चौराहे पर नहीं करेंगे साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रदूषण का ख्याल रखते हुए किसी प्रकार की टायर व रबर आदि वस्तुओं की उपयोग नहीं करेंगे। सोशल मीडिया एडमिनों को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे ।किसी भी समुदाय या व्यक्तिगत विशेष को लक्ष्य करके कोई पोस्ट नहीं डालेंगे अन्यथा ग्रुप एडमिन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी होली के दिन सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहन और ट्रैक्टर का परिचालन पूर्ण रूप से बाजार में बंद रहेगा ।मौके पर उपस्थित उपस्थित सभी पदाधिकारी ने शांति समिति के सभी सदस्यों को रंग गुलाल देकर होली की अग्रिम बधाई दी ।मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,बरहरवा प्रभाग के इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार,कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू,जीआरपी थाना प्रभारी विमल रंजन तिग्गा, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास,वरिष्ट पत्रकार अशोक गुप्ता,नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो,इकबाल हुसैन,शक्तिनाथ अमन,दिलीप डूकानिया,अशोक गुप्ता,अश्वनी आनंद,बापन साह,जितेंद्र यादव आरपीएफ सब इंस्पेक्टर अन्य उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने नाबालिक लड़की को किया सकुशल बरामद

**साहिबगंज/बरहरवा :**आरपीएफ ने एक नाबालिग लड़की को किया बरामद करने में सफलता हासिल की है ।बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एएसआई बिस्वनाथ टुडू,एचसी महेश कुमार आर्य सीटी अनिल कुमार साह ने सोमवार की रात साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक राउंड के दौरान देखा गया। कि एक नाबालिग लड़की संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 मुख्य प्रवेश द्वार पर इधर-उधर घूम रही थी ।पूछने पर उसने अपना नाम व पता निशा कुमारी 16 वर्ष पिता बीरबल मंडल,निवासी सच्चिदानंद,थाना-तिलकामांझी, जिला-भागलपुर बिहार बताया ।आगे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपनी मां से झगड़ा होने के कारण घर से भाग गया था ।फिर वह भागलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और बरहरवा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। जब ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंची तो वह ट्रेन से उतर गई और इधर-उधर घूमने लगी। वहीं एएसआई बिस्वनाथ टुडू ने उसे हिरासत में लिया ।हिरासत में लिए जाने के बाद लड़की को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ बरहरवा लाया गया ।इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बाल संरक्षण मंथन के आराधना मंडल को सौंप दिया।

## सृजन परिचर्चा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**मेट्रो रेज**

साहिबगंज/बरहरवाःबुधवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मोहर्रम लॉज में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो० बदरुद्दोजा के अध्यक्षता में झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू के निर्देश अनुसार संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी की अहम बैठक हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह पाकुड़ विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान उपस्थित हुए ।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के संगठन को सभी को साथ लेकर मजबूत बनाए रखना है और जो झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जनमानस तक कैसे पहुंचे इसकी विस्तृत जानकारी दी गई ।तत्पश्चात प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया ।मौक पर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार,जिला महासचिव ऐनुल हक अंसारी,जिला सचिव बदरुद्दीन शेख,जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आरिफ आलम,मौलाना फारुक शमसी, हाफिज सईद अख्तर,मुक्लेसुर रहमान,मो मुरसालिम,अधीर मंडल,ताजरुल हक,टूनू,खालिक शेख,हन्नान शेख,बुलेट,शेर मोहम्मद,महबूब आलम,बरकत शेख,अताउर रहमान,जमीरुल शेख प्रेम सरकार,सिराजुल हक,शमीम अख्तर,रब्बान शेख यदि उपस्थित हुए।

## कौशल्या ज्योति ट्रस्ट बाल कल्याण समिति और हेल्पिंग हैंड्स ने बांटी सामग्री

**मेट्रो रेज**

साहिबगंजः-कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से स्थानीय दिव्यांग विद्यालय और बालगृह बालक के बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम रखा गया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी बच्चों को अबीर,गुलाल,रंग,पिचकारी खाद्य सामग्री सहित भरपूर मात्रा में होली की सामग्री प्रदान की गई ।कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल कल्याण समिति,हेल्पिंग



हैंड्स आदि के सहयोग से सभी बच्चों के बीच होली मिलन रखा गया है ।इसके माध्यम से हम लोग यह संदेश देते हैं। कि समाज के अंतिम पायदान के बच्चों को ऐसा ना लगे कि वह अकेले हैं ।बच्चों ने जम कर होली मिलन कार्यक्रम में भाग लिया और उनके चेहरे पर खुशियां थी ।दुबई में रहने वाले स्थानीय निवासी आनंद वत्स ने बच्चों को अपनी तरफ से भी होली की भरपूर सामग्री प्रदान की ।उन्होंने कहा यह बच्चे हमारे महत्वपूर्ण अंग है ।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुल सुभान,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, इत्यादि सभी कर्मी उपस्थित थे।

## बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**साहिबगंज/उधवा :**बिजली विभाग की टीम ने राधानगर थाना क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया। मामले को लेकर दो लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में की गई थी, जिसमें बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया था। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग की टीम ने उधवा पाकीजा मोड़ मिर्जानगर गांव में छापेमारी की कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि छापेमारी के दौरान दो लोगों को अवैध रूप से टोका लगाकर बिजली चोरी करते पाए गए थे। मामले को लेकर देर शाम को कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद, राधानगर पुलिस ने कनीय विद्युत अभियंता के बयान पर पिंटू स्वर्णकार व दीपक मंडल के खिलाफ थाना कांड संख्या 86/25 व 87/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। विभाग की ओर से पिंटू स्वर्णकार और दीपक मंडल पर दस-दस हजार से अधिक रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### स्कूल में अधिकतर ताला लगा रहने के कारण बच्चे अपने घर लौटने को मजबूर जिला प्रशासन मौन

## शिक्षक के लापरवाही के कार । बच्चों को गु ावत्ता शिक्षा नही मिल रहा है : ग्रामी ।

**मेट्रो रेज**

**साहिबगंज/उधवा :** इन दिनों जिला प्रशासन के द्वारा लगातार शिक्षा को सुधारने के लिए बैठक पर बैठक कर रहे है वहीं दूसरी ओर प्रखंड की मोहनपुर पंचायत में संचालित एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा नही मिलने के कारण उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। एक ओर जहां सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए संबंधित विभाग व सरकार सजग है। तो वही दूसरी ओर शिक्षक के लापरवाही के कारण बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा नही मिल रहा है।



जानकारी के अनुसार यह विद्यालय प्रखंड क्षेत्र के कुसमा में स्थित है ।जहां एक शिक्षक कार्यरत है। लेकिन वह अधिकतर समय स्कूल से अनुपस्थित रहकर इधर उधर चले जाते हैं। बुधवार को दोपहर के पौने 12 बजे यूपीएस कुसमा बंद देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है। कि शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है ।और उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। स्कूल में अधिकतर ताला लगा रहने के कारण बच्चे अपने घर लौटने को मजबूर हो जाते है। शिक्षक स्कूल को बंद का अधिकतर प्रखंड मुख्यालय व आसपास में देखे जाते है। इस समस्या के कारण दिनों-दिन बच्चों की संख्या घटती जा रही है। और अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन एक भी बच्चा स्कूल में नहीं रहेगा। यह समस्या न केवल बच्चों के भविष्य के लिए खतरनाक है ।बल्कि समाज के विकास के लिए भी हानिकारक है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए संबंधित विभाग को शिक्षकों की अनुपस्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। क्या होगी कार्रवाई की नहीं यह तो सोचने वाली बात है। शिक्षा के प्रति सरकार करोड़ अरबो रूपया खर्च कर रही है। फिर भी शिक्षक की उदासीनता के कारण बच्चों को समुचित पाठ पठन नहीं मिल सक रहा है आखिर क्यों ?

**क्या कहते है बीपीओ**

इस संबंध में उधवा बीपीओ दिपक कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामला सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है, वास्तव में अगर उक्त विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती गई है,या विद्यालय से गायब थे तो उसकी जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### एक ट्रैक्टर के धक्के से बिजली पोल क्षतिग्रस्त



**साहिबगंजः**राधानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर-तीनपहाड़ मुख्य सड़क पर एक ट्रैक्टर के धक्के से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कुछ घंटों के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना बुधवार को मोहनपुर चौक के समीप हुई ।जब एक बिना नंबर का ट्रैक्टर उधवा से मारोपुर की तरफ जा रहा था। चालक नियंत्रण खो दिया और मोहनपुर चौक के पास सड़क किनारे बिजली पोल को जोरदार धक्का मार दिया, जिससे बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया। मौके से चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया ।घटना की सूचना मिलते ही कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार मौके पर पहुंचकर संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वाहन का कोई अता-पता नहीं चल पाया है। पता करके आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। वहीं बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### होली का शांतिपूर्ण मानने को लेकर डीसी ने बालूमाथ में की बैठक

**बालूमाथ :** डीसी उत्कर्ष गुप्ता एवं एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से होली पर्व आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ एक बैठक की। यह बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को आयोजित की गई थी। बैठक में मौजूद पदाधिकारी से डीसी ने रमजान,ईद और होली त्योहार में विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी लिया और कहा कि जिला प्रशासन सभी त्यौहार को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। आमजन सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसा खबर ना डालें। जिससे विधि व्यवस्था खराब हो। किसी भी तरह का समस्या या संदेह होने पर आप प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के पदाधिकारी से संपर्क कर जानकारी दें। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि ईद और होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाए किसी भी तरह का समस्या आने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी,बीडीओ सोमा उरांव,अंचल अधिकारी विजय कुमार,थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सहित चंदवा,हेरहंज,बारियातू के प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रशासन ने होली रमजान पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**साहिबगंज/मंडरोः**होली पर्व एवं रमजान पर्व क्षेत्र में शांति एवं सोहार्द पुर्ण माहोल में मनायें जाने को लेकर मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव व मंडरो बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव के नेतृत्व में बुधवार को थाना क्षेत्र में फ्लेग मार्च निकाला गया। फ्लेग मार्च मिजाचौकी थाना क्षेत्र के नीमगाछी महादेवरण गांधीनगर मिजाचौकी बाजार सहित अन्य जगहों पर किया गया मौके पर जेएसआई पवन यादव आफताब अंसारी, महेंद्र सिंह अमेरिका राम सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजुद था।

### प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन


**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज,प्रमुख सुशीला देवी,उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ,क्लर्क मनोज चंद्रवंशी सहित प्रखंड और अंचल कार्यालय के कई कर्मी शामिल हुए। समारोह में सभी लोगो ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि होली सामाजिक आपसी भाईचारे का त्योहार है। रंगों के इस त्योहार में लोग सराबोर हो जाते हैं। समारोह को सफल बनाने में प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह,प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, जेई संजय कुमार,जई सन्नी कुमार,रवि कुमार,पपु ,रामनाथ अंचल नाजिर मनोज कुमार पंचायत सेवक रोजगार सेवको ने सक्रिय योगदान दिया।

### बरवाडीह में कई जलमीनार खराब,ग्रामीण परेशान

**बरवाडीह :** बरवाडीह और खुरा पंचायत में आधा दर्जन सोलर जलमीनार खराब होकर पड़ी हुई है। उक्त जलमीनार से पानी की आपूर्ति महीनों से बाधित है,लेकिन उसे ठीक कराने के लिए ठोस पहल नही की जा रही है। इससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। उप प्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि चमरडीहा देवी मंदिर,लंका के जोरहूआ,आंगनबाड़ी केंद्र,बाजार आदि जगहों पर सोलर जलमीनार खराब हो गई है। इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों को इससे अवगत कराये कई दिन हो गए हैं,लेकिन फंड राशि नही रहने का रोना रोया जा रहा है। गर्मी शुरू हो गई है,लेकिन जिस तरह उक्त जलमीनार खराब पड़ी हुई है,उससे ऐसा लगता है कि अब तक विभाग पेयजल समस्या को लेकर उतना गम्भीर नहीं है।

### गोड्डा में होली मिलन समारोह, खूब उड़े रंग-गुलाल, जमकर हुई मस्ती

**गोड्डाः** पूरे देश में होली की धूम है. देशभर में लोग होली की मस्ती में पूरी तरह सराबोर नजर आ रहे हैं. बाजारों में लोग रंग, गुलाल पिचकारी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं. इस उल्लास के साथ गोड्डा के मधुबन मे होली मिलान समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर होली के गीतों पर देर रात तक लोग झूमते रहे.



अबीर और गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी. इस दौरान कोलकाता से आये कलाकारों ने स्वर लहरी बिखेरकर समा बांधे रखा.होली मिलन समारोह में मंत्री संजय यादव के बेटे रजनीश यादव अपने दोस्तों की टोली संग आए. होलियाना माहौल में खुद को रोक नहीं पाए और दोस्तों संग खूब नाचे और एक दूसरे को गुलाल लगा होली की बधाई दी. इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन का जिम्मा अमित सिंह संभाल रहे थे. वहीं बतौर अतिथि शहर की जनता के साथ जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार 'मुफासा द लायन किंग', प्रीमियर 26 मार्च को

अमेरिकी फिल्म 'द लायन किंग' का प्रीक्वल 'मुफासाः द लायन किंग' पिछले साल 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार कमाई की। खास बात यह है कि इसके हिंदी संस्करण में शाहरुख खान, उनके बेटे अबराम खान और आर्यन खान ने अपनी आवाज दी है। अब यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होने वाली है, जिससे दर्शक इसे घर बैठे ही देख सकेंगे। कब और कहां देखें फिल्म'मुफासाः द लायन किंग' का प्रीमियर 26 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। इसी दिन यह फिल्म स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध हो जाएगी। निमार्ताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, ₹मुफासा की कहानी का अनुभव करने का समय आ गया है। 'मुफासाः द लायन किंग' 26 मार्च से डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।₹ जो दर्शक इसे सिनेमाघरों में देखने से चूक गए थे, वे अब इसे घर बैठे देख सकते हैं। फिल्म 'मुफासाः द लायन किंग' 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। यह साल 2019 में रिलीज हुई क्लासिक मूवी ह्यद लायन किंगह्व का सीक्वल है। इसके हिंदी संस्करण में शाहरुख खान, अबराम खान, आर्यन खान, श्रेयस तलपड़े और संजय मिश्रा जैसे कलाकारों की आवाज सुनाई देगी। जो लोग इसे सिनेमाघरों में देखने से चूक गए, वे अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।-






## श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में श्रीलीला को कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में देखा गया था, जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की अफवाहें जोर पकड़ने लगीं। अब इन अफवाहों को और बल तब मिला जब कार्तिक की मां माला तिवारी ने अपने बेटे और श्रीलीला के रिश्ते को लेकर इशारों-इशारों में पुष्टि कर दी। आईफा अवॉर्ड्स के दौरान कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी और करण जौहर के बीच एक दिलचस्प बातचीत हुई। करण ने कार्तिक की मां से मजाकिया अंदाज में पूछा, ₹आप अपने घर के लिए किसे चुनेंगी?₹ इस सवाल पर दर्शकों ने अनन्या पांडे का नाम लिया, लेकिन कार्तिक की मां ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ₹घर की मांग एक डॉक्टर है।₹ करण ने तुरंत ही कार्तिक की ओर देखते हुए कहा, ₹आप एक डॉक्टर के साथ काम कर रहे हैं। श्रीलीला न केवल एक शानदार अभिनेत्री हैं, बल्कि एक एमबीबीएस डॉक्टर भी हैं। उनकी और कार्तिक की बढ़ती नजदीकियों को लेकर पहले से ही अफवाहें थीं, जिन्हें इस बातचीत ने और हवा दे दी।


# उर्वशी रौतेला बनीं रोल्स रॉयस खरीदने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस



उर्वशी रौतेला बॉलीवुड में एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उर्वशी हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ उर्वशी की बोल्डनेस की भी लगातार चर्चा हो रही है। उर्वशी ने हाल ही में एक नई कार खरीदी है। उर्वशी ने हाल ही में रोल्स रॉयस की लग्जरी कार प्रीमियम एसयूवी, रोल्स रॉयस कलिनन खरीदी है। इस शानदार कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड में किसी भी अभिनेत्री के पास यह कार नहीं है। उर्वशी यह कार खरीदने वाली पहली अभिनेत्री बन गई हैं। इसके साथ ही उर्वशी ने इंस्टाग्राम की फोर्ब्स रिच लिस्ट में भी जगह बना ली है। अंबानी, शाहरुख खान के पास है ये काररोल्स-रॉयस की यह कार बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकी है और कई मशहूर हस्तियों के पास पहले से ही यह शानदार गाड़ी मौजूद है। शाहरुख खान, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन और अल्लू अर्जुन जैसी हस्तियों के पास भी यह कार है। इसके अलावा, भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के गैराज में भी रोल्स-रॉयस की कई गाड़ियां शामिल हैं।

# 'सूर्यवंशम' फेम सौंदर्या की मौत मामले में 22 साल बाद आया नया मोड़

तमिल फिल्म की हिंदी रीमेक फिल्म 'सूर्यवंशम' 21 मई 1999 को रिलीज हुई थी। 'सूर्यवंशम' एक कल्ट फिल्म है, जिसमें अमिताभ बच्चन ने दोहरी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में हीरा ठाकुर की सफलता की कहानी से प्रशंसक अभिभूत हो गए। आपको उनकी पत्नी राधा उर्फ ??अभिनेत्री सौंदर्या तो याद ही होंगी। 'सूर्यवंशम' के बाद तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर हुईं सौंदर्या ने हिंदी दर्शकों के दिलों पर भी राज करना शुरू कर दिया, लेकिन उनकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। उनकी मृत्यु 31 वर्ष की आयु में 17 अप्रैल, 2004 को बैंगलोर में चुनाव प्रचार के दौरान विमान दुर्घटना में हो गई। अब 22 साल बाद उनकी मृत्यु के बारे में एक नया खुलासा हुआ है। सौंदर्या 17 अप्रैल 2004 को भारतीय जनता पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी के एक राजनीतिक अभियान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करीमनगर जा रही थीं। दुर्घटना में उसके भाई की भी मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद सौंदर्या का शव नहीं मिला। सौंदर्या की मौत के मामले में दावा किया जा रहा है कि जब उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, तब वह गर्भवती थीं। सौंदर्या की मौत के मामले में अब 22 साल बाद वरिष्ठ टॉलीवुड अभिनेता मोहन बाबू के खिलाफ शिकायत दर्ज की



गई है। उन पर सौंदर्या की मौत में शामिल होने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार सौंदर्या की हत्या मोहन बाबू के साथ संपत्ति विवाद के कारण हुई थी। मोहन बाबू ने अपने भाई-बहनों पर जमीन बेचने के लिए दबाव डाला था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि विमान दुर्घटना के बाद उन्होंने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर लिया। शिकायतकर्ता का नाम चित्तमुल्ला है। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता ने मांचू परिवार में चल रहे विवाद के बारे में भी बताया है। उन्होंने मांचू मनोज के लिए न्याय और जलपल्ली में 6 एकड़ भूमि पर बने गेस्ट हाउस को जब्त करने की भी मांग की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस सुरक्षा की भी मांग करते हुए कहा है कि मोहन बाबू के कारण उसकी जान को खतरा है। सौंदर्या के बारे में कुछ बातें...सौंदर्या का वास्तविक नाम सौम्या सत्यनारायण था। वह मूलतः कन्नड़ अभिनेत्री थीं। वह एमबीबीएस डॉक्टर भी थीं। उन्होंने 1999 में फिल्म 'सूर्यवंशम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। अपने 12 साल के करियर में उन्होंने 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। सौंदर्या एक ऐसी अभिनेत्री थीं, जिन्होंने इतने कम समय में पांच भाषाओं - तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में काम किया। 2003 तक वह सफलता के शिखर पर पहुंच गयी थीं।

## बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ रही फिल्म 'छावा', 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार

विक्की कौशल की फिल्म 'छत्रपति संभाजी महाराज' के जीवन पर आधारित 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। पहले ही दिन से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता पाने वाली इस फिल्म ने निमार्ताओं को भी चौंका दिया है। 25 दिन पूरे होने के बावजूद इसकी कमाई में कोई गिरावट नहीं आई



है। अब 'छावा' के 26वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिससे साफ है कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनी हुई है। विक्की कौशल की फिल्म 'छत्रपति संभाजी महाराज' के जीवन पर आधारित 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। 14 फरवरी को रिलीज हुई यह फिल्म लगातार शानदार कमाई कर रही है। सैकनिल्क के अनुसार 'छावा' ने रिलीज के 26वें दिन यानी चौथे मंगलवार को 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 530.95 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। दुनियाभर में भी फिल्म की शानदार कमाई जारी है और अब तक यह 712.5 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता, अक्षय खन्ना और डायना पेंटी जैसे दिग्गज कलाकारों ने दमदार अभिनय किया है। 'छावा' बनी विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी हिटविक्की कौशल की ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म अब विक्की कौशल के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड उनकी 2019 की फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के नाम था, जिसने 244.14 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इतना ही नहीं, 'छावा' को खासतौर पर महाराष्ट्र में जबरदस्त समर्थन मिला है, जहां इसने 'पुष्पा 2' जैसी फिल्मों के बनाए गए रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

# झारखंड ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता

एजेंसी

**पंचकूला।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में हॉकी झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में गत विजेता हॉकी हरियाणा को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय तक मैच 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में झारखंड ने जीत दर्ज की। हॉकी झारखंड के लिए प्रमोदनी लकड़ा (44') ने गोल किया, जबकि हॉकी हरियाणा की कप्तान रानी (42') ने अपनी टीम के लिए गोल किया।

मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हॉकी हरियाणा ने शुरूआती मिनटों में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन हॉकी झारखंड ने भी कई अच्छे




मौके बनाए। पहले क्वार्टर में झारखंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हाफ टाइम तक कोई भी टीम स्कोर करने में सफल नहीं रही। तीसरे क्वार्टर में मैच में रोमांच बढ़ा और दोनों टीमों ने गोल किए। 42वें मिनट में हॉकी हरियाणा को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान रानी ने शानदार शॉट के जरिए गोल में बदल दिया। हालांकि, महज दो मिनट बाद हॉकी झारखंड ने जवाबी हमला किया और प्रमोदनी लकड़ा ने रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शानदार फील्ड गोल दाग दिया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने विजयी गोल के लिए आक्रामक खेल दिखाया। 51वें मिनट में हरियाणा की रानी को डी के अंदर बेहतरीन मौका मिला, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। निर्धारित समय में कोई भी टीम विजयी गोल नहीं कर सकी, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा।

पेनल्टी शूटआउट में हॉकी झारखंड ने 4-3 से जीत दर्ज की। झारखंड की ओर से रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान अलेबला रानी टोप्पो ने अपने प्रयासों को गोल में बदला। हरियाणा के लिए पिंकी, अन्नू और मनीषा ने शूटआउट में गोल किए, लेकिन झारखंड की गोलकीपर अंजलि भिंजिया ने दो अहम बचाव किए और अपनी टीम को चैंपियन बना दिया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में हॉकी मिजोरम ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। हॉकी मिजोरम के लिए देविका सेन (6') ने पहला गोल किया, जिससे उनकी टीम ने मैच में बढ़त बनाई। हालांकि, हॉकी महाराष्ट्र की अश्विनी कोलेकर ने बराबरी का गोल दागा। लेकिन, अंतिम समय में हॉकी मिजोरम की मंजू चौरसिया ने 59वें मिनट में निर्णायक फील्ड गोल करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई और कांस्य पदक दिलाया।

## रिवर प्लेट ने कोलंबियाई मिडफील्डर केविन कास्टानो के साथ किया करार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की शीर्ष फुटबॉल क्लब रिवर प्लेट ने कोलंबिया के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर केविन कास्टानो के साथ करार किया है। वह रूस के क्लब क्रास्नोडार से रिवर प्लेट में शामिल होंगे। बुधवार को कास्टानो मेडिकल टेस्ट के लिए ब्यूनस आयर्स पहुंचे और जल्द ही दिसंबर 2028 तक का अनुबंध करने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह ट्रांसफर 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर में हुआ है। रिवर प्लेट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, 'केविन, तुम शीर्ष पर पहुंच चुके हो। तुम्हारा नए घर में स्वागत है!' 16 बार कोलंबिया की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके कास्टानो ने जनवरी 2024 में मेक्सिको के क्रूज अजुल से क्रास्नोडार में शामिल होने के बाद क्लब के लिए 32 मैच खेले। कास्टानो रिवर प्लेट में शामिल होने वाले दूसरे कोलंबियाई खिलाड़ी हैं। टीम में पहले से ही मिगुएल बोरहा बतौर स्ट्राइकर खेल रहे हैं।

विश्व इनडोर चैंपियनशिप

## हलीमा नकायी युगांडा का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट




एजेंसी

**कंपाला।** महिला एथलीट हलीमा नकायी आगामी 21 से 23 मार्च तक चीन के नानजिंग में होने वाली वर्ल्ड इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में यूगांडा का एकमात्र प्रतिनिधित्व करेंगी। यूगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) के अध्यक्ष डोमिनिक ओटुचेट ने बुधवार को शिन्हुआ को पुष्टि करते हुए बताया कि केवल नकायी ही 800 मीटर दौड़ के लिए क्वालीफाई कर सकी हैं।

ओटुचेट ने बताया, 'हम उम्मीद कर रहे थे कि चीन में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए हमारे कई एथलीट क्वालीफाई करेंगे, लेकिन ठंडे मौसम की वजह से यूरोप में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुछ एथलीट अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।'

30 वर्षीय हलीमा नकायी कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक हैं और वह 800 मीटर महिला वर्ग में यूगांडा की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने 2019 में कतर के दोहा में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता था।

# एटलेटिको मैड्रिड के फॉरवर्ड एंजेल कोरेआ पर लगा पांच मैचों का प्रतिबंध

एजेंसी

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड के फॉरवर्ड एंजेल कोरेआ पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन की अनुशासनात्मक समिति ने पांच मैचों का प्रतिबंध लगा दिया है।



यह निर्णय पिछले सप्ताहांत गेटाफे के खिलाफ 2-1 की हार के दौरान मिले उनके रेड कार्ड के बाद लिया गया है। अर्जेंटीनी खिलाड़ी को मैच के 87वें मिनट में गेटाफे के डिफेंडर डीजेने के खिलाफ एक खतरनाक टैकल करने के लिए वीएआर समीक्षा के बाद बाहर भेज दिया गया था, जब उनकी टीम 1-0 से आगे थी।

रेड कार्ड मिलने के बाद, कोरेआ ने रेफरी कुआदा फर्नांडीज के खिलाफ गंभीर अपशब्द कहे, जिसके कारण उनका निलंबन एक मैच से बढ़ाकर पांच मैचों तक कर दिया गया। इस निलंबन के कारण कोरेआ अब ला लीगा में अगले सप्ताहांत एफसी बार्सिलोना के खिलाफ घरेलू मैच के अलावा एस्पेनयोल, सेविला और वायादोलिद के खिलाफ होने वाले मुकाबलों से बाहर रहेंगे। इसके अलावा, क्योंकि उनका निलंबन चार मैचों से अधिक का है, उन्हें कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में भी एक मैच का निलंबन झेलना होगा। यह मुकाबला 2 अप्रैल को बार्सिलोना के खिलाफ एटलेटिको के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा। पहले चरण का मुकाबला 4-4 की बराबरी पर समाप्त हुआ था।

# द हंड्रेड ड्राफ्ट : नूर अहमद और माइकल ब्रेसवेल को मिला बड़ा करार

एजेंसी

**लंदन।** अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर नूर अहमद और न्यूजीलैंड के टी20 कप्तान माइकल ब्रेसवेल को द हंड्रेड ड्राफ्ट में 2,00,000 पाउंड (जीबीपी) के बड़े करार मिले। अहमद को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने चुना, जबकि ब्रेसवेल को सदर्न ब्रेव ने अपने दल में शामिल किया, जो पिछले सीजन के उपविजेता थे।

### प्रमुख खिलाड़ियों की नीलामी

जॉर्जिया वोल, जैमी ओवरटन और डेविड वॉर्नर भी प्रमुख हस्ताक्षर में शामिल रहे। वोल,



जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में नाबाद 99 रन बनाए थे, को बर्मिंघम फीनिक्स ने चुना। लंदन स्पिरिट ने जैमी ओवरटन को 2,00,000 पाउंड के सौदे में खरीदा, जबकि अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर को 1,20,000 पाउंड में शामिल किया। वॉर्नर पहली बार द हंड्रेड में खेलते नजर आएंगे।

### अन्य प्रमुख सौदे

- इंग्लैंड के ऑलराउंडर डेविड विली (2,00,000 पाउंड झ्र ट्रेंट रॉकेट्स)
- न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र (1,20,000 पाउंड - मैनचेस्टर ओरिजिनल्स)
- महिला टूनार्मेंट में पैज स्कॉलफील्ड को ओवल इन्विन्सिबल्स ने 65,000 पाउंड में रिटेन किया।
- हालांकि, इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अनसोल्ड रह गए, बावजूद इसके कि उन्होंने खुद को टूनार्मेंट के लिए उपलब्ध किया था।

### टूर्नामेंटऔर आगामी ड्राफ्ट

इस बार पुरुष और महिला वर्ग में कुल 66 खिलाड़ी ड्राफ्ट किए गए, जिससे ज्यादातर टीमें लगभग पूरी हो गई हैं। हालांकि, वाइल्डकार्ड ड्राफ्ट के जरिए टीमें अपने स्क्वॉड को और मजबूत करने का मौका पाएंगी।

द हंड्रेड की शुरूआत 5 अगस्त से होगी, जिसमें पहला मुकाबला लंदन स्पिरिट और ओवल इन्विन्सिबल्स के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

# मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार हथियार और नशीला पदार्थ बरामद

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में छह उग्रवादियों और तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है।



पुलिस ने आज बताया कि थौबल जिले के हीरोक पार्ट-क्क्क, उयोखचिंग में कृष्णदास फार्म हाउस के पास से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कैडर लैशराम बोइनाओ उर्फ बोई उर्फ लैंगम (36) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से .303 एलएमजी, मैगजीन, जिंदा कारतूस, हैंड ग्रेनेड, रेडियो सेट, बुलेटप्रूफ जैकेट, कैमोफ्लाज कपड़े, स्टाम्प पैड और मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

पुलिस ने एक अन्य ऑपरेशन में इंफाल वेस्ट जिले के नॉर्थ एओसी में विंगर पार्किंग के पास से थेओ डेविड चोथे (21) और युलुंग जेफरसन चोथे (23) को गिरफ्तार किया। उनके पास से 47.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। टेंग्नौपाल जिले के मोरेह थानाक्षेत्र में न्यू शिजांग गांव के पास से तामू, म्यांमार निवासी हेरी (32) को गिरफ्तार किया गया। वह बाइक से हाओलेनफाई की ओर से आ रहा था। उसके पास से लगभग 4.4 किलोग्राम डब्ल्यूआईवाई टेबलेट, एक मोबाइल फोन और एक एमएसएफ अपॉइंटमेंट कार्ड बरामद किया गया है।

इसके अलावा, इंफाल वेस्ट जिले के लामसांग बाजार से केसीपी (सिटी मैतेई) के दो सक्रिय सदस्य सोइबम इनाओचा सिंह (24) और थोंगम दीपक सिंह उर्फ इनाओ (36) को पुलिस ने गिरफ्तार किया। ये दोनों इंफाल क्षेत्र में जबरन वसूली में शामिल थे। इनके पास से दो मोबाइल फोन और एक बटुआ जिसमें 1,100 रुपये नकद थे, बरामद किए गए।

इसके अलावा लामफाल थानाक्षेत्र में लांगोल गेम विलेज डोन क्क्क से मणिपुर पुलिस ने पीआरईपीएके (प्रो) संगठन की एक महिला सक्रिय सदस्य लइहाओरुंगबम (एन) लैशराम (ओ) सनातोम्बी देवी उर्फ इचाल (45) को गिरफ्तार किया। वह डॉक्टरों और दुकानदारों को धमकी भरे पत्र भेज रही थी। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक पत्र बरामद किया गया।

## जादवपुर विश्वविद्यालय हिंसा मामले में एक और छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय में हाल ही में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने एक और छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इस छात्र ने विश्वविद्यालय के शिक्षाबंधु कार्यालय में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। गिरफ्तार छात्र की पहचान सौम्यदीप महतो उर्फ उजान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे बुधवार रात गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि वह जादवपुर विश्वविद्यालय का ही छात्र है। यह मामला एक मार्च का है, जब विश्वविद्यालय में वेबकूपा की वार्षिक आम बैठक चल रही थी। आरोप है कि वामपंथी छात्र संगठन के सदस्यों ने सुबह से ही हंगामा शुरू कर दिया और छात्र संघ चुनाव समेत विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया। इसी दौरान जब शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु विश्वविद्यालय पहुंचे, तो प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर के साथ नारेबाजी शुरू कर दी।

## फैन बेल्ट गोदाम में भीषण आग आसपास रहने वाले लोगों को हटाया

एजेंसी

**जयपुर।** मुरलीपुरा क्षेत्र स्थित रोड नम्बर 12 के पास गुरुवार तड़के एक फैन बेल्ट गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की तीव्रता को देखते हुए गोदाम के आसपास रहने वाले लोगों को मौके से हटाया गया है। करीब चौबीस से अधिक दमकल वाहन मौके पर आग बुझाने का काम कर रही हैं। फिलहाल जनहानि की कोई सूचना नहीं है। मुरलीपुरा थाने के सीआई वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि आग लगने की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। इसके बाद यूको बैंक के पहले माले पर बने गोदाम में आग बुझाने का काम शुरू हुआ। गोदाम के आसपास रहने वाले लोगों को मौके से हटाया गया। इलाके में लाइट बंद की गई। भीषण आग से इलाके में अफरा-तफरी मची। लोगों को समझाइश कर मौके से दूर किया गया। घटना स्थल की तरफ आने वाले ट्रैफिक को भी डायवर्ड किया गया है। आग बुझाने का काम जारी हैं। आग बुझाने के बाद आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।



## व्हाइट हाउस का दावा, अमेरिका में कंपनियां करेंगी बड़ा निवेश, लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप अमेरिका को एक बार फिर दुनिया की विनिर्माण महाशक्ति बनाने के मिशन पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मात्र सात सप्ताह में परिदृश्य बदलने लगा है। ट्रंप पर भरोसा दुनिया भर की कंपनियां अमेरिका में बड़ा निवेश करने की घोषणा कर रही हैं। कहा गया है कि इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।



व्हाइट हाउस ने ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद इस दिशा में हुई प्रगति का विवरण जारी किया है। इसमें कहा गया है कि एप्पल ने 500 बिलियन डालर के निवेश की घोषणा की है। इससे 20,000 नौकरियों का सृजन होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर में 500 बिलियन डालर के निजी निवेश की घोषणा की है। इसके अलावा टीएसएमसी ने ने यूएस आधारित सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में 100 बिलियन डालर के निवेश की घोषणा की है। एली लिली एंड कंपनी ने अपने यूएस आधारित विनिर्माण में 27 बिलियन डालर के निवेश की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि शिपिंग दिग्गज सीएमए सीजीएम यूएस शिपिंग और लॉजिस्टिक्स में 20 बिलियन डालर का निवेश करेगी। इससे 10,000 नए अमेरिकी रोजगार सृजित होंगे। इसके अलावा नए यूएस आधारित डेटा सेंटर बनाने के लिए डीएएमएसी प्रॉपर्टीज 20 बिलियन डालर का निवेश करेगी। व्हाइट हाउस ने इसके अलावा अन्य कंपनियों की निवेश घोषणाओं का विवरण जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सऊदी अरब ने घोषणा की कि वह अगले चार वर्षों में अमेरिका में 600 बिलियन डालर का निवेश करने का इरादा रखता है। संयुक्त अरब अमीरात ने घोषणा की कि वह अमेरिका में महत्वपूर्ण निवेश करेगा और ताइवान ने अपने अमेरिकी-आधारित निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस बीच टैरिफ से बचने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज सैमसंग और एलजी ने मेक्सिको से अपने संयंत्रों को अमेरिका में स्थानांतरित करने पर विचार शुरू कर दिया है। हुंडई मोटर भी अमेरिका में उत्पादन को स्थानीय बनाने की योजना बना रही है। निसान मेक्सिको से अमेरिका में उत्पादन स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है। होंडा से इंडियाना में अपने अगली पीढ़ी के सिविक हाइब्रिड मॉडल का उत्पादन करने की उम्मीद है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी से गोरखपुर के लिए रवाना

● पुलिस लाइन मैदान में बने अस्थायी हेलीपैड पर भाजपा नेताओं ने दी विदाई,देर शाम मुख्यमंत्री ने मां अन्नपूर्णा के दरबार में भी लगाई हाजिरी

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अंतिम दिन गुरुवार को पुलिस लाइन से गोरखपुर के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान किया। पुलिस लाइन में भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दौरान सबसे पहले राजातालाब गंजारी में बन रहे अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। देर शाम मुख्यमंत्री ने काशी विद्यापीठ रोप–वे स्टेशन का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने इसके बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, कालभैरव मंदिर और मां अन्नपूर्णा के मंदिर में दर्शन पूजन किया। विशेष रूप से अन्नपूर्णा मंदिर में लगभग 30 मिनट का समय बिताते हुए उन्होंने माता रानी का विधिवत दर्शन पूजन किया और माता रानी के विग्रह की आरती की। दर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री ने साधु-संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने अन्नपूर्णा मंदिर में हाल ही में आयोजित कुंभाभिषेक आयोजन की जानकारी ली।

मंदिर में 21 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण और पुष्पवर्षा के बीच मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मंदिर के महंत, शंकरपुरी जी ने स्वयं मुख्यमंत्री की अगवानी की और उन्हें माता रानी की रजत प्रतिमा भेंट करते हुए माता की चुनरी भी ओढ़ाई।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में एचडीएफसी बैंक की वाराणसी जोन की 111वीं शाखा का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने दर्शन पूजन के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'आज मां अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन किया। समस्त जनमानस की आरोग्यता एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।' साथ ही उन्होंने दर्शन पूजन की तस्वीरें भी साझा की।

## शुभेंदु अधिकारी के बयान को संविधान का अपमान बता कर कांग्रेस ने लालबाजार में दर्ज कराई शिकायत

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के विवादित बयान से राज्य की राजनीति गरमा गई है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर जीतने वाले विधायकों को सत्ता में आने के बाद ह्य घसीटते हुएह्ल (हाथ-पैर पकड़कर उठाकर फेंकने) की धमकी दी। इस बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने उनके खिलाफ कोलकाता पुलिस के लालबाजार स्थित मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता सुमन राय चौधरी ने कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त को ईमेल भेजकर इस बयान को संविधान का अपमान करार दिया और उचित कार्रवाई की मांग की।

शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा था, 'तृणमूल कांग्रेस बंगाल के हिंदू समुदाय को खत्म करना चाहती है। उनकी पार्टी से जितने भी मुस्लिम विधायक जीतेंगे, उन्हें 10 महीने बाद घसीटते हुए सड़क पर फेंक देंगे।' उनके इस बयान के बाद राज्य में तीखी प्रतिक्रिया हुई। बुधवार को विधानसभा में इस बयान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बिना नाम लिए अधिकारी पर निशाना साधा।

इसके बाद अब प्रदेश कांग्रेस के सचिव सुमन राय चौधरी ने अपनी शिकायत में कहा कि शुभेंदु अधिकारी का बयान न केवल संविधान के मूल भावनाओं का अपमान है, बल्कि यह अल्पसंख्यक समुदाय में डर का माहौल पैदा करने वाला है। कांग्रेस ने मांग की है कि पुलिस उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करे। इसके अलावा, उत्तर दिनाजपुर के चाकुलिया थाने में कांग्रेस नेता अली इमरान रम्ज उर्फ विक्टर ने भी शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। शुभेंदु अधिकारी के इस बयान पर तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर शुभेंदु अधिकारी 72 घंटे के भीतर अपना बयान वापस नहीं लेते और मुस्लिम विधायकों से माफी नहीं मांगते, तो विधानसभा में ही उन्हें सबक सिखाया जाएगा। मैं खुद 42 मुस्लिम विधायकों के साथ इसका नेतृत्व करूंगा। देखना चाहता हूं कि केंद्र की सुरक्षा बलों के साथ वे हमारा मुकाबला कर सकते हैं या नहीं।

# शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। बिकवाली के दबाव की वजह से निफ्टी कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गया। हालांकि इसके तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 1.97 प्रतिशत से लेकर 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, बजाज ऑटो, अडाणी पोर्ट्स, आईटीसी और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 1.28 प्रतिशत से लेकर 0.74 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,380 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,345 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,035 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 362.78 अंक की मजबूती के साथ 74,392.54 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 74,400 अंक के स्तर को भी पार कर गया। वहीं बिकवाली का दबाव पड़ने पर इसने 74,046.43 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 260.58 अंक की तेजी के साथ 74,290.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 70 अंक उछल कर 22,541.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण यह सूचकांक लाल निशान में 22,460.40 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 69.65 अंक की बढ़त के साथ 22,540.15 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 72.56 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,029.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 27.40 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,470.50 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जनकल्याण की कामना से उतारी माता चौसट्ठी देवी की आरती, स्वच्छता की अलख



**वाराणसी।** रंगों के पर्व होली पर 'नमामि गंगे' ने जन कल्याण की कामना से चौसट्ठी देवी की गुरूवार को आराधना की। गुलाल भरी एक मुट्ठी से रीझने वाली भगवान शिव के जटाजूट के आघात से प्रकट हुई चौंसठ योगिनियों के रूप में प्रतिष्ठित माता चौसट्ठी की सदस्यों ने आरती भी की। होली के पावन पर्व पर जन कल्याण की कामना की । काशी के प्रसिद्ध धूलिवंदन उत्सव की 500 साल पुरानी परंपरा के तहत, मां चौसट्ठी के श्रीचरणों में अबीर-गुलाल अर्पित करके राष्ट्र से भय और बाधाओं से मुक्ति का वरदान मांगा गया। इसके बाद चौसट्ठी घाट पर नमामि गंगे ने स्वच्छता की अलख जगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि काशी की होली, बाबा विश्वनाथ और मां गौरा से जुड़ी हुई है। माता पार्वती के गौने रंगभरी एकादशी पर काशीवासी बाबा विश्वनाथ और मां गौरा को गुलाल अर्पित करके फगुआ की अनुमति लेते हैं। काशीवासी रंगोत्सव के बाद परम्परानुसार माता चौसट्ठी देवी के चरणों में गुलाल अर्पित करके धूलिवंदन करते हैं। यह परंपरा 500 वर्षों से चल रही है, और इसे बिना माता चौसट्ठी के पूजन के अधूरा माना जाता है। चौसट्ठी देवी के चरणों में गुलाल चढ़ाए बगैर काशी में रंगोत्सव की पूर्णता ही नहीं मानी जाती है। इस दौरान, प्रमुख रूप से मंदिर के महंत पं. चुन्नीलाल पंड्या सहित मंदिर में आए श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

### महंगा हुआ सोना, चांदी एक बार फिर 1 लाख के पार

**नई दिल्ली।** होलिका दहन के दिन आज घरेलू सराफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 470 रुपये से लेकर 510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी का भाव भी आज 2,200 रुपये किलोग्राम तक मजबूत हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये से लेकर 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,660 रुपये से लेकर 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी भी आज एक लाख का स्तर पार करके 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 88,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 88,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र में सिमा बहौस ने भारत की डिजिटल क्रांति की प्रशंसा की

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आहूत 69वें सत्र में हिस्सा लेने पहुंचीं भारत की केंद्रीय महिला एवं बाल विकासमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यूएन वूमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। सिमा बहौस ने भारत की डिजिटल क्रांति, शून्य हिंसा, समान निर्णय लेने की शक्ति, शांति और सुरक्षा के अलावा किशोरियों और युवाओं को महिला नेतृत्व वाले विकास के केंद्र में रखने की दिशा में भारत के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय महिला एवं बाल विकासमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यह जानकारी फोटो के साथ अपने एक्स हैंडल पर साझा की। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति हो रहे 69वें सत्र में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च से शुरू संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है।

### पुतिन पहुंचे कुर्स्क, कमांड पोस्ट का दौरा किया

**मॉस्को।** यूक्रेन से छिड़ी जंग के बीच रूस के राष्ट्रपति रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुर्स्क क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बैटलग्रुप के एक कमांड पोस्ट का दौरे किया। पुतिन ने इस दौरान कहा कि रूसी सेना को जल्द से जल्द कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना को हराने और एक क्षेत्रीय सुरक्षा क्षेत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यहां रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव से भी मुलाकात की। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने कमांडरों से भी मुलाकात की और कुर्स्क ऑपरेशन में भाग लेने वाले सभी सैनिकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने यूक्रेन की घुसपैठ के बाद पहली बार कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया। बताया गया है कि पुतिन ने शुरू में मॉस्को के बाहर अपने नोवो-ओगारियोवो निवास में एक आर्थिक बैठक में हिस्सा लेने की योजना बनाई थी।

# होली में विधि व्यवस्था संधारण में पूरी चौकसी रखें : उपायुक्त

## अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने का दिया गया निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**




**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगामी होली एवं रमजान पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु , पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह एवं जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई।

बैठक में होली एवं रमजान पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए , कई विभिन्न आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए , सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही त्योहार को ध्यान में रखते हुए ऐसे क्षेत्र, जहां अधिक संख्या मे लोग जुटते है , वैसे क्षेत्रों मे सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती, पुलिस गस्ती दल का सम्बन्धित क्षेत्र मे भ्रमण तथा अग्निशमन दल से समन्वय स्थापित कर वाहन की उपलब्धता तथा वैसे क्षेत्रों मे नो एंट्री जैसी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि त्योहार के अवसर पर अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र अंतर्गत शरारती एवं उपद्रवी तत्वों पर तथा उनके मूवमेंट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## विधानसभा अध्यक्ष से मोहम्मद अली हत्याकांड को इंसाफ दिलाने की अपील

**रांची :** भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष से मोहम्मद अली हत्याकांड को इंसाफ करने की अपील की है 26 जनवरी 2010 को सीडीपीओ मोहम्मद अली को गोली मारकर थाना प्रतापपुर जिला चतरा झारखंड में हत्या कर दी गई थी लेकिन 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक मोहम्मद अली हत्याकांड का एक भी हत्यारे को गिरफ्तार तक नहीं किया गया है जो बड़े अफसोस की बात है आठ आदमी का नाम प्रतापपुर थाना मे जिला चतरा झारखंड में दर्ज है जिसका केस नंबर 74 /10 है लेकिन किसी की भी गिरफ्तारी तक नहीं हुई माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय भारतीय एकता कमेटी आपसे अपील करती है के मोहम्मद अली हत्याकांड का सीबीआई जांच कराई जाए ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके स्वर्गीय मोहम्मद अली को इंसाफ मिल सके स्वर्गीय मोहम्मद अली सीडीपीओ का सभी से दुआ करने की अपील करता हूं इसके लिए हम सभी झारखंड वासी आपका बहुत-बहुत आभारी रहेंगे ।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त एसडीपीओ नलिन मरांडी का नाम पट्टिका आज भी हैं




**बिनय मिश्रा :** चक्रधरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नलिन कुमार मरांडी के सेवानिवृत्ति के दो माह बीत जाने के पश्चात आज भी उनका ही नेम प्लेट उनके एसडीपीओ होने की बात कह रहा है गौरतलब हो कि नलिन कुमार मरांडी ने चक्रधरपुर के सीडीपीओ के रूप में 4 अक्टूबर 2024 को योगदान दिया था तथा 31 दिसंबर 2024 को हुए सेवानिवृत हो गए।

जनवरी-फरवरी और मार्च के लगभग 15 दिन बीत जाने के पश्चात भी उनके निवास स्थल और कार्यालय में आज भी उनके ही एसडीपीओ रहने की बात नाम पट्टिका में लिखी हुई है जबकि श्री मरांडी को सेवानिवृत हुए ढाई महीने हो चले हैं और आज भी उनका ही नाम पट्टिका यथावत लगा हुआ है।

### बसंत उत्सव में शामिल हुई महिलाएं



रोहित फाइन आर्ट्स एकेडमी के द्वारा बसंत उत्सव का आयोजन किया गया , साथ ही महिलाओं ने प्रकृति की गोद में उत्पन्न होने वाली पलाश फूल एवं रंगों के साथ धूमधाम से बसंत उत्सव मनाई।बसंत उत्सव वेस्ट बंगाल में होने वाली एक प्रसिध्द त्योहारों में से एक है, शहर की जानी मानी समाजसेविका नीतू साहू एवं प्रतिभा विकास ने सभी को गुलाल लगा कर कार्यक्रम की शुरूआत की,कार्यक्रम में चक्रधरपुर शहर के अलावे दूसरे शहर भी लोग शामिल हुए

रोहित फाइन आर्ट्स एकेडमी के द्वारा पिछले 8 वर्षों से लगातार महिलाओं के लिए बसंत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है मौके पर पुष्पालता स्वदेशी,माला सील,अभिषेक साहू,राजीव कुमार,रश्मि,अंजलि, चांदनी,योगेश,सीमा एवं शिवांशी दीक्षित साथ ही एकेडमी के संचालक रोहित दास एवं सीमा दास मौजूद रहे।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई का औचक निरीक्षण



गुमला : गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्गत आदेशानुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समाहर्ता गुमला शशिन्द्र कुमार बडाईक एवं , निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन ,जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गुमला विद्याभूषण के द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के जन शिकायत कार्यक्रम का निष्पादन एवं औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें अंचल कार्यालय से कुल 64 मामले सामने आए, उनमें से कुल 2 मामले का निष्पादन कार्यक्रम स्थल पर ही कर दिया गया ।शेष 62 मामले के निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता के द्वारा एक सप्ताह के अंदर निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया ,साथ ही अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में आवश्यक सुधार हेतु अंचलाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया।प्रखंड कार्यालय से कुल 04 मामले आए, जिसमें से 02 मामले का निष्पादन कार्यक्रम स्थल पर कर दिया गया , शेष 02 मामले का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया ,साथ ही प्रखंड अंतर्गत सभी विभागों का भी औचक निरीक्षण किया गया, आवश्यक सुधार हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी सिसई को निर्देशित किया गया।

### नेपाल के विदेश मंत्री को डीसी ने किया सम्मानित



**बिनय मिश्रा :** आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से प्रस्थान करने से पूर्व मुलाकात कर नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा को स्थानीय कलाकारों द्वारा हस्तनिर्मित शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

ज्ञात हो की नेपाली की माननीय विदेश मंत्री वर्तमान समय में भारत यात्रा पर हैं। इस क्रम में 11 मार्च को माननीय विदेश मंत्री का देवघर आगमन हुआ था।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू झारखंड के मंत्री से मिले

**बिनय मिश्रा**



झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू झारखंड सरकार के काबीना मंत्रीगण चमरा लिंडा एवं रामदास सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात किया इस दौरान नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने अपने संगठन के अन्य लोगों के साथ काबीना मंत्री चमरा लिंडा एवं रामदास सोरेन से मुलाकात की और झारखंड में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तत्वाधान में चलाए जा रहे संगठन की मजबूती और पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारियों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की जानकारी भी दी काबीना मंत्रीगण ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तत्वाधान में चलाया जाए चलाया जा रहे कार्यक्रम की सराहना की और उन्हें इस प्रांतीय टीम को अपनी शुभकामना भी दी गौरतलब हो कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू और संगठन के पदाधिकारी गण झारखंड पुलिस एसोसिएशन के तत्वाधान में बेहतर कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्यकर्ता पहल किया है और इसी क्रम में हुए औपचारिक मुलाकात में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यों की जानकारी भी दे रहे हैं जो निश्चित तौर पर संगठन और पुलिस एसोसिएशन के लिए उपलब्धि भरा कार्य है।

# नीति आयोग की दो सदस्यीय टीम ने डुमरी प्रखंड का दौरा किया

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों के निरीक्षण हेतु नीति आयोग के संयुक्त सचिव के एस रीजीमोन एवं ढ शुभम राय द्वारा डुमरी प्रखंड के औरापाठ गांव का दौरा किया गया। रीजीमोन द्वारा औरापाठ में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई एवं वहां के ग्रामीणों से संवाद किया गया।

इस गांव को आकांक्षी प्रखंड के तौर पर विकसित किया गया है।आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम द्वारा उन प्रखंडों का चयन किया जाता, जहां अबतक विकास कार्य नहीं हो पाया। जो विकास मानकों में अबतक पिछड़े हैं। वहां सामाजिक आर्थिक बदलाव लाना इस कार्यक्रम का मकसद है।

इस कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डुमरी प्रखंड अंतर्गत मॉडल विलेज के रूप में विकसित औरापाठ गांव का दौरा किया गया। इस गांव में कोरबा व असुर जाति के 41 परिवार (ढश्ळऋ समुदाय) है। वहां उपस्थित महिलाओं द्वारा जानकारी दी गई की उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा। और उन योजनाओं से प्राप्त हो रहे पैसे से महिलाएं खेती बारी कर रहीं हैं।योजनाओं से प्राप्त पैसों से बच्चों की शिक्षा में भी काफी सहयोग मिलता है।

इसके उपरांत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, औरापाठ का भी दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया तथा वहां के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, औरापाठ का निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई संबंधित जानकारी ली और बच्चों की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भागीटोली का दौरा कर वहां के सहिया व एएनएम से मरीजों को दी जाने वाले इलाज संबंधी सुविधा के विषय में जानकारी प्राप्त की गई।

इसके साथ ही डुमरी स्थित ₹प्रोजेक्ट किशोरी₹ मॉडल का भी भ्रमण किया गया। इस परियोजना की सराहना करते हुए उन्होंने उक्त प्रोजेक्ट में काम कर रही महिलाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को और बेहतर बनाने की बात कही, ताकि यह अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बन सके। इसके उपरांत जेएसएलपीएस से जुड़ी समूह की दीदियों द्वारा लेमन ग्रास एवं जीरा फुल चावल के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत फूलों झानो पुस्तकालय,डुमरी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने डुमरी प्रखंड में पुस्तकालय होने की सराहना की। इसके पश्चात रागी प्रोसेसिंग यूनिट एवं साइंस सेंटर,गुमला का भी भ्रमण किया गया और वहां के कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरे के क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, एसडीओ चैनपुर, बीडीओ डुमरी,बीडीओ, मुखिया, माइक्रोसेव कंसल्टिंग, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि व कर्मी उपस्थित थें।

# भगवा नारी सेना व संगीत सरिता का होली मिलन संपन्न

**रांची :** भगवा नारी सेना एवं संगीत सरिता के संयुक्त तत्वावधान में रांची में पहली बार मोराबादी स्थित संस्कार गार्डेन मे होली मिलन समारोह के अवसर पर आत्मनिर्भर, एक मां दो किरदारकार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें हुई वैसी महिलाएं जो बिना पुरुष के आगे बढ़ रही हैं और अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण खुशियों के साथ कर रही है साथ ही अपने बच्चों को अच्छा एजुकेशन भी दे रही हैं वैसी सिंगल मदर को आज पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे जे.एस.सी.ए.के वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रसिद्ध समाजसेवी संजय पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अल्पसंख्यक आयोग ( राज्य मंत्री,झारखंड सरकार)के उपाध्यक्ष मंत्री ज्योति सिंह मथारू, सी.डबलू.सी की चेयरपर्सन तनुश्री सरकार, समाजसेवी सीमा राय,दीपक ओझा, साधना कुमार प्रियंका सिंह,कमल ठाकुर,नितिन सिरमौर, गिरजा शंकर पेड़ीवाल,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,मां सुभद्रा ग्रुप के संस्थापक प्रभात रंजन,विजन आरोग्यं के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, संस्कार गार्डन के निदेशक प्रदीप सरकार आदि मौजूद थे।



मौके पर भगवा नारी सेना की अध्यक्ष पिया बर्मन ने कहा महिलाओं को एक अच्छी प्लेटफार्म देना हम सभी का कर्तव्य है साथ ही उन्हें आगे बढ़ना भी।संगीत सरिता की संस्थापिका एवं भगवा नारी सेना की संरक्षक वीणाश्री ने कहा मुझे सिंगल मदर होने पर गर्व है मेरा दिल अपने बच्चों के प्यार से भरा है और मै उन्हें अकेले पालने की हिम्मत भी रखती हूं।मां बनना कभी भी आसान नहीं होता लेकिन अकेले ही सब कुछ संभाल कर रखने मे हिम्मत की जरूरत है,इसके पूर्व सभी लोगों रंग अबीर लगाकर को होली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा ईश्वर आपको इतना शक्ति दें कि आप हमेशा आगे बढ़ते रहें।आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से नीतू सिंह, अंजना प्रियदर्शनी,विनीता कुमारी, कुमारी अनीता, नीलम, शीला, ललिता, संगीता, सुनीता पांडे, रंजीता पांडे,पार्वती सिंह,रंजू सिंह,मीनू शहदेव,पराग सहाय,निर्भय सिन्हा,मिली सिंह,सीमा रानी, ललिता देवी,सुलोचना शहदेव,माधवी सिंह,उपेंद्र चौधरी आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्याम बाबा मंदिर में सजा मंदिर दरबार

**रांची :** होली के पूर्व रांची किशोरगंज में अवस्थित श्याम बाबा मंदिर में भक्त जनों के द्वारा पूजा अर्चना और बाबा के दर्शन हेतु भक्तजनों का तांता लगा हुआ है लोग बाबा के दर्शन है तो दूर दराज से आ रहे हैं और बाबा का आशीर्वाद ले रहे हैं होली के पूर्व बाबा के प्रति श्रद्धालुओं का असीम स्नेह देखते ही बन रहा है एक और जहां बाबा के मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है वहीं श्याम बाबा भी काफी अलौकिक दिखाई पड़ रहे हैं भक्त जनों और श्रद्धालुओं के भेद और बाबा के प्रति श्रद्धा देखते ही बन रहा है

# आंदोलनकारियों का 24 मार्च को विधानसभा का घेराव करने का निर्णय

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला सम्मेलन संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला के तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारियों का एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर रोड स्थित करौंदी बगीचा में किया गया. सम्मेलन में 24 मार्च 2025 को झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए , सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया , सम्मान के साथ जीने के लिए देने की मांग को लेकर किया जाएगा. इसके अतिरिक्त विस्थापितों को भू अर्जन अधिनियम के तहत पुनर्वास मुआवजा एवं नियोजन देने की मांग की जाएगी.

सम्मेलन के दौरान जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया. अल्फ्रेड आइंद् - संरक्षक ,

खोरस केरकेट्टा - अध्यक्ष, सोमारी देवी - उपाध्यक्ष , पुनई उरांव - महासचिव, सुजात तोप्पो कोषाध्यक्ष, विजय उरांव , मंजू सरोजिनी मिंज जुवेल टोप्पो- सचिव, भोलानाथ सिंह आलोक लकड़ा प्रकाश उरांव किशोर गिद्ध, नीलू देवी, बीरू उराँव- उपसचिव, देवकी, कोलिस्तान टोप्पो, सोमरा उरांव, सिलबीरुयूश तिग्गा, राजेश्वर उरांव, मार्शेल लकडा, पुष्पा लकडा, सबिता देवी, रानी उरांव, सुषमा केरकेट्टा, प्रतिमा कुजुर व पोल लकडा को कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया.




मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि गुमला वीरों व संघर्ष करने वालों की धरती है. इस क्षेत्र के लोगों ने अपने हक और अधिकार व पहचान के लिए, अन्याय, अत्याचार ,दमन के खिलाफ संघर्ष किया है. आज भी अगर हमारे बाल बच्चों के अधिकारों के ऊपर हमला होगा हमें अपने मौलिक अधिकारों से वंचित रखा जाए तो इसी गुमला की धरती से एक और उलगुलान जबरदस्त होगा. राज्य में आंदोलनकारियों के गौरव पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है. प्रधानमंत्री हिमांशु झारखंड में कार्यों को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्रियों को रोजी रोजगार व तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग सीधी नियुक्ति, जेल जाने के बाध्यता को दूर करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु, मेडिकल सुविधा नहीं देते हैं तो 24 मार्च 2025 विधानसभा का घेराव करेंगे मुख्यमंत्री का कनाइठी लगाने का भी काम करेंगे. जिस प्रकार हमारा पुत्र पढता नहीं, काम नहीं करता है तो उसे छेकनी से भी मारने का काम करते हैं. आज झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आदिम जनजाति की तरह विलुप्त होता जा रहा है. हम अपने अस्तित्व अस्मिता एवं पहचान व अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करें. केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोजिनी कच्छप ने कहा कि सरकार हमारे संघर्ष से झुकेगी. अपना संघर्ष जारी रखना है जब तक हमारे बाल बच्चों एवं आंदोलनकारियों का अधिकार नहीं मिल जाता है.

दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के सह प्रभारी अंथन लकड़ा ने कहा कि झारखंड को बेहतर राज्य बनाना एवं समृद्ध शाली राज्य बनाना हम सभी झारखंड आंदोलनकारियों एवं झारखंडियों का दायित्व है.

कार्यक्रम का संचालन दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने की.